राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

अयोध्या
वर्षः 37 अंक 52
मंगलवार 02 जून, 2026

तापमान
अधिकतम 34°C | न्यूनतम 26°C

मूल्य 2 रुपए पृष्ठ- 06 अयोध्या, लखनऊ, जौनपुर, पटना (बिहार) एवं ठाणे (महाराष्ट्र), भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित www.tarunmitra.in

**अमृत वाणी**

विश्व एक व्यायामशाला है, जहां हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं।

# पश्चिम बंगाल में कैबिनेट विस्तार, 35 मंत्रियों ने शपथ ली

**अर्जुन सिंह, तपस रॉय मंत्री बने, शुभेंदु मंत्रिमंडल में अब 41 मंत्री**



**कोलकाता, 01 जून।** पश्चिम बंगाल में सोमवार को सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। लोकभवन में हुए कार्यक्रम में राज्यपाल आरएन रवि ने 35 नए मंत्रियों को शपथ दिलाई। सीएम शुभेंदु अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

13 नेताओं को कैबिनेट मंत्री, 3 को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 को राज्य मंत्री बनाया गया। इस विस्तार के साथ बंगाल में मंत्रिपरिषद की मंत्रियों की संख्या 41 हो गई है।

इससे पहले 9 मई को शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उनके साथ दिलीप घोष, अग्निमित्रा पॉल, निशीथ प्रमाणिक, अशोक कीर्तनिया और क्षुदीराम टुडू ने भी मंत्री पद की शपथ ली थी।

संविधान के 91वें संशोधन के अनुसार, राज्य मंत्रिमंडल में विधायकों की संख्या विधानसभा की कुल संख्या के 15त्न तक सीमित है। पश्चिम बंगाल में 294 विधायक हैं, इसलिए मंत्रिमंडल में अधिकतम 44 मंत्री हो सकते हैं।

सोमवार के शपथ ग्रहण के बाद कैबिनेट में 41 मंत्री हो गए हैं। तय सीमा के आधार पर 3 मंत्री और बनाए जा सकते हैं। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि फिलहाल यह 3 पद खाली ही रहेंगे।

इससे पहले 11 मई को ष्टरूशुभेंदु ने अपने मंत्रियों को विभागों का बंटवारा कियाा था। इसमें निशिथ प्रमाणिक को उत्तर बंगाल विकास, खेल और युवा कल्याण मंत्रालय सौंपा गया।

दिलीप घोष को ग्रामीण विकास, पशु संसाधन विकास, कृषि विपणन की जिम्मेदारी सौंपी गई। अग्निमित्रा पॉल को महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, नगर निकाय विभाग दिए गए।

अशोक कीर्तनिया को खाद्य एवं आपूर्ति, सहकारिता विभाग दिया गया। क्षुदीराम टूडू को जनजातीय विकास, पिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक मामले और मदरसा शिक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई। सीएम शुभेंदु अधिकारी ने गृह मंत्रालय समेत अन्य सभी मंत्रालय अपने पास रखे हैं।

पश्चिम बंगाल सरकार ने IAS अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल को राज्य का नया चीफ सेक्रेटरी नियुक्त किया है। यह आदेश 11 मई 2026 को जारी हुआ और अगले आदेश तक लागू रहेगा। अग्रवाल फिलहाल चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर और होम एंड हिल अफेयर्स विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव हैं। सरकार ने कहा कि यह फैसला सार्वजनिक सेवा के हित में लिया गया है। उन्हें तुरंत नया कार्यभार संभालने के निर्देश दिए गए हैं।

# टीएमसी विधायकों पर भाजपा जॉइन करने का दबाव : ममता

**पुलिस उन्हें डरा-धमका रही, पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में दो विधायकों को निकाला**



**कोलकाता, 01 जून।** बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को फेसबुक पर वीडियो मैसेज जारी कर भाजपा और पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पुलिस TMC विधायकों पर पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल होने का दबाव बना रही है।

ममता ने दावा किया कि कुछ विधायकों और सांसदों को डराने-धमकाने या रिश्वत देकर TMC को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आगे कहा- जो लोग TMC छोड़कर गए हैं, उनके जाने से पार्टी का भला ही हुआ है।

ममता का वीडियो मैसेज TMC के भीतर टूट की खबरों के बीच आया है। पार्टी ने आज अपने दो विधायकों संदीपन साहा और ऋ तब्रत बनर्जी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित किया है। दोनों पर पार्टी के खिलाफ बयान देने और बैठकों से दूर रहने के आरोप हैं।

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ जिस तरह का व्यवहार किया गया, वह चौंकाने वाला है। बेले व्यू अस्पताल के डॉक्टरों को बुलाया गया, लेकिन उन्हें इलाज नहीं करने के निर्देश दिए गए। यह कैसा अजीब और तानाशाही रवैया है?

बेले व्यू अस्पताल के लोग पहले मेरे पैर छूते थे। आपके बिड़ला और लोढ़ा परिवारों से करीबी संबंध और कारोबारी रिश्ते थे, और आप उनके सामने झुकते थे। हमारे मेयर ने सारी व्यवस्था संभाली थी। छह महीने पहले ही हमने अपोलो अस्पताल का लाइसेंस रिन्यू किया था।

TMC ने किसी से पैसे नहीं लिए हैं। हो सकता है कुछ लोग हालात का फायदा उठाते हों, लेकिन वे अब पार्टी छोड़ चुके हैं। उनके जाने से पार्टी का ही भला हुआ है। हम पार्टी को नए सिरे से खड़ा करेंगे।

कई लोग लंबे समय तक सत्ता का आनंद लेते रहे। अब जब हम हार गए हैं, तो वे तुरंत दूसरी पार्टी से समझौता करते दिखाई दे रहे हैं। BJP का प्रचार गोएबल्स के प्रचार से भी बदतर है। वे TMC को तोड़ नहीं सकते।

TMC नेताओं की नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं की पार्टी है। यह झूठ फैलाया जा रहा है कि पार्टी के बड़े नेता कार्यकर्ताओं का साथ नहीं दे रहे हैं। TMC कार्यकर्ताओं को विरोध प्रदर्शन के लिए घरों से बाहर तक नहीं निकलने दिया जा रहा और पार्टी कार्यालयों में भी तोड़फोड़ की जा रही है।

## संदीपन साहा व ऋतब्रत बनर्जी टीएमसी से निष्कासित



**कोलकाता, 01 जून।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने सोमवार को अपने दो विधायकों, संदीपन साहा और ऋतब्रता बनर्जी को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया। यह घटनाक्रम पश्चिम बंगाल में 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद टीएमसी के सत्ता से बेदखल होने के बाद पार्टी नेताओं के बीच बढ़ते असंतोष के बीच आया है। एक बयान में, टीएमसी ने कहा कि साहा और बनर्जी रविवार को पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी के कोलकाता स्थित कालीघाट आवास पर बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं हुए। बयान में यह भी कहा गया कि दोनों नेताओं द्वारा ऐसे बयान दिए गए हैं जो तृणमूल के हितों के लिए हानिकारक हैं।

टीएमसी के बयान में कहा गया कि मामले पर उचित विचार करने के बाद, एआईटीसी के सक्षम प्राधिकारी ने आपको तत्काल प्रभाव से पार्टी की (प्राथमिक) सदस्यता से निष्कासित करने का निर्णय लिया है। परिणामस्वरूप, इस नोटिस के जारी होने की तिथि से आप पार्टी से संबंधित किसी भी पद, जिम्मेदारी या विशेषाधिकार से मुक्त हो जाएंगे। पूर्व राज्यसभा सांसद रितब्रता, जो 2017 में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) से टीएमसी में शामिल हुए थे, उलुबेरिया पुरबा निर्वाचन क्षेत्र से पश्चिम बंगाल विधानसभा के लिए चुने गए। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार रुद्र प्रसाद बनर्जी को 11,800 से अधिक वोटों के अंतर से हराया था।

संदीपन की बात करें तो, वे एंटाली से विधायक हैं। टीएमसी के पूर्व विधायक स्वर्ण कमल साहा के पुत्र संदीपन ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा की प्रियंका तिबरेवाल को 34,000 से अधिक वोटों से हराया था। संदीपन और रितब्रता दोनों उन 60 विधायकों में शामिल थे जो रविवार की बैठक में शामिल नहीं हुए। इससे पहले दिन में, संदीपन ने अपने फैसले का बचाव करते हुए कहा कि ममता के आवास पर बैठक उचित प्रक्रियाओं का पालन किए बिना बुलाई गई थी। उन्होंने टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी से फर्जी हस्ताक्षर जांच पर भी सवाल उठाया।

# एनकाउंटर में ढेर असद के घर पर चलेगा बुलडोजर

**एसडीएम ने नोटिस चिपकाया, सोम बोले- जिहादी भूल गए सरकार किसकी**

**गाजियाबाद,01 जून।** गाजियाबाद में 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की हत्या के आरोपी असद के घर पर बुलडोजर चलेगा। सोमवार को प्रशासन की टीम असद के घर पहुंची। घर के गेट पर ताला लगा था। इसके बाद एसडीएम ने अवैध कब्जा करके घर बनाने का नोटिस दरवाजे पर चिपकाया।

इसमें कहा गया कि जिस जमीन पर मकान बना है, उस पर अवैध कब्जा किया गया है। असद के पिता नवाब को 15 दिनों के भीतर एसडीएम कार्यालय में अपना जवाब देना होगा। साथ ही अवैध कब्जा खुद हटाने के लिए भी कहा गया है। खोड़ा नगर पालिका के चेयरमैन पति और पूर्व सपा विधायक अमरपाल शर्मा ने कहा कि सूर्या के बड़े भाई को नौकरी दी जाएगी। अगर घर पर किसी तरह का टैक्स लगता होगा, तो वह माफ होगा। इसके अलावा किसी सड़क या चौराहे के नाम सूर्या के नाम पर रखा जाएगा।

वहीं, झांसी में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि अगर हिंदू एक होगा तो कोई बाल भी बांका नहीं कर सकेगा। योगी की पुलिस ने ने जो किया, बहुत अच्छा किया।

भाजपा के पूर्व विधायक संगीत सोम ने सोमवार को सूर्या की मां से मुलाकात कर उन्हें एक लाख की मदद दी। सोम ने कहाखोड़ा में एक-एक आदमी ने 50-50 मकान खरीद रखे हैं। कहां से पैसा आया, इसकी जांच होगी। जिहादी भूल गए कि प्रदेश में किसकी सरकार है? जिहादियों का ठीक से फन दबा दिया जाएगा। अगर किसी ने पलायन कराने की कोशिश की, तो उसी का यहां से पलायन करा दिया जाएगा।

दरअसल, बकरीद के दिन (28 मई) असद ने सूर्या की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। रविवार (31 मई) तड़के पुलिस ने असद को एनकाउंटर में मार गिराया था। पुलिस ने साजिश रचने के आरोप में असद के पिता नवाब समेत 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पांचवां आरोपी अभी फरार है। हत्या के 5वें दिन भी खोड़ा में पुलिस फोर्स तैनात है।

# पुणे के टीचर ने नीट पेपर अरेंज कराया : सीबीआई

**3 आरोपी 15 जून तक न्यायिक हिरासत में, सुप्रीम कोर्ट बोला- री-एग्जाम पेन-पेपर मोड में ही होगी**

**नई दिल्ली, 01 जून।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने सोमवार को कहा कि पुणे की एक मेडिकल एकेडमी में फिजिक्स फैकल्टी रहे हर्षदकुमार शाह ने क्वेश्चन पेपर अरेंज कराने में भूमिका निभाई थी। एजेंसी के मुताबिक, शाह ने फिजिक्स का प्रश्नपत्र मनीषा हवालदार तक पहुंचाया था। जांच में यही पेपर मनीषा के मोबाइल से बरामद हुआ।

इसी मामले में गिरफ्तार डॉ. मनोज शिरुरे, हर्षदकुमार शाह और मनीषा हवालदार को सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने तीनों को 15 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। CBI ने अदालत को बताया कि डॉ. मनोज शिरुरे पेपर लीक से जुड़े नेटवर्क का हिस्सा थे। एजेंसी का दावा है कि उन्होंने मुख्य आरोपी शिवराज मोटेगांवकर से 5 लाख रुपए लिए थे। यह रकम उनकी बहन के घर से बरामद की गई थी।

देशभर में 3 मई को NEET-UG परीक्षा हुई थी। 7 मई की शाम पेपर लीक की खबर सामने आई थी। 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। 21 जून को री-एग्जाम होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को NEET री-एग्जाम को कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) मोड में कराने की मांग खारिज कर दी। री-एग्जाम पेन-पेपर मोड में ही होगी।जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अरविंद कुमार की बेंच RJD सांसद सुधाकर सिंह की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता के वकील ने NEET री-एग्जाम CBT मोड में कराने की मांग की।

# राहुल का दावा- 12वीं की आंसरशीट मोबाइल से स्कैन करवाई

**बोले-खास वेंडर को फायदा पहुंचाया, रीवैल्युएशन फीस पर कहा-सीबीएसई के जेबकतरों से सावधान**



**नई दिल्ली, 01 जून।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने CBSE की टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि छात्रों की आंसरशीट को ऑटोमैटिक रोबोटिक स्कैनर की बजाय मोबाइल फोन से स्कैन किया गया।

राहुल गांधी ने छात्र सार्थक सिद्धांत की X पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि अगस्त में ऑन-स्क्रीन मार्किंग सिस्टम का टेंडर दोबारा जारी किया गया था। उस समय कई जरूरी शर्तें हटा दी गईं और स्कैनिंग की क्वालिटी भी 300 DPI से घटाकर 200 DPI कर दी गई।

राहुल ने कहा कि धुंधली आंसरशीट, गायब पन्ने और कई कॉपियों का स्कैन न होना सिर्फ तकनीकी गलती नहीं है। उनके मुताबिक, यह सब किसी खास वेंडर को फायदा पहुंचाने के लिए किए गए कॉन्ट्रैक्ट का नतीजा है।यह एक धोखा है। और हर वह बच्चा, जिसके अंकों का गलत मूल्यांकन हुआ है, वह इस धोखे का शिकार है।धर्मेंद्र प्रधान अभी भी अपने पद पर बने हुए हैं। मोदी जी की यह चुप्पी अब सिर्फ उनकी उदासीनता नहीं रही। यह इस अपराध में उनकी मिलीभगत को दर्शाती है।जब शिक्षा को सेवा नहीं, कारोबार बना दिया जाए तब गलती सुधारी नहीं जाती। बढ़ाई जाती है और इसकी सबसे बड़ी कीमत हमारे बच्चे चुका रहे हैं। अपने समय, आत्मविश्वास और भविष्य से।स्टूडेंट सिद्धांत कुमार ने कथित तौर पर स्कैन की गई कॉपियों के फोटो शेयर किए हैं। उन्होंने लिखा है- CBSE, आपने कहा था कि इन कॉपियों को स्कैन करने के लिए आपने स्कैनर्स का इस्तेमाल किया था। अब, जबकि ये कॉपियां आम लोगों के देखने के लिए उपलब्ध हैं, तो क्या आप यह बताने की कृपा करेंगे कि स्कैनर से स्कैन किए जाने पर किन कॉपियों में 'ड्रॉप शैडो' आता है। और ये तीन मोड़ (फोल्ड) कैसे आए।

राहुल ने CBSE की आंसरशीट जांच और रीइवैल्यूएशन की फीस को लेकर केंद्र सरकार और बोर्ड पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने X पोस्ट पर लिखा जेबकतरों से सावधान - आज वो CBSE के अंदर बैठे हैं। CBSE की गलती से नंबर गलत आए तो आपको क्या मिलता है।एक बिल,अपनी ही की सही जांच आंसरशीट के लिए एक बच्चे को 2000 तक भरने पड़ सकते हैं।सोचिए, जब 4 लाख बच्चों ने ऐसे आवेदन डालें हैं तो CBSE कितनी कमाई कर रहा है।जब स्कैनिंग फोन से हुई हो, ग़लत मार्किंग तय है। और उसे ठीक करवाने की कीमत बच्चा भर रहा है। गलती CBSE की। सजा बच्चे की। कमाई सरकार की।

# देशभर में हीटवेव खत्म, मानसून2-3 दिन में केरलम पहुंचेगा

**राजस्थान के 3 जिलों में ओले गिरे, एमपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आंधी-बारिश**

**नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ लखनऊ, 01 जून।** मौसम विभाग (IMD) ने कहा है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून अगले 2 से 3 दिनों में केरलम पहुंच सकता है। आमतौर पर मानसून 1 जून के आसपास केरल में दस्तक देता है, लेकिन इस बार इसकी रफ्तार थोड़ी धीमी रही है।

मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर, लक्षद्वीप, केरलम और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए मौसम अनुकूल बना हुआ है। इसके साथ ही बंगाल की खाड़ी के कई इलाकों में भी मानसून आगे बढ़ सकता है।

IMD ने पहले अनुमान लगाया था कि मानसून 26 मई को केरलम पहुंचेगा, लेकिन बाद में इसमें देरी हुई और विभाग ने कहा कि इसकी शुरुआत जून के पहले सप्ताह में हो सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक देशभर में फिलहाल हीटवेव की स्थिति खत्म हो गई है। राजस्थान के अजमेर, नागौर और चित्तौड़गढ़ में में सोमवार को ओले गिरे। मध्य प्रदेश के भी 4 जिलों में आंधी-बारिश का दौर जारी है।

यूपी के झांसी और ललितपुर में तेज बारिश हुई। राज्य के 63 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। बिहार के सासाराम में दोपहर बाद तेज बारिश हुई।

वहीं झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा और पंजाब समेत 27 राज्यों में हल्की से तेज बारिश का अलर्ट है।

उत्तराखंड के नैनीताल समेत 6 जिलों में बारिश हुई। खराब मौसम के कारण पिथौरागढ़ में 12वीं तक के सभी स्कूल बंद रहे। केदारनाथ यात्रा अस्थायी रूप से रोक दी गई। वहीं चंपावत में उफनती नदी में फंसे 50 से अधिक श्रद्धालुओं को सुरक्षित बचाया गया।

## यूपी के 63 जिलों में बारिश का अलर्ट

**झांसी में बरसात, संभल में आंधी से पेड़-पोल उखड़े, प्रदेश में 5 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम**

**लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज/कानपुर, 01 जून।** यूपी में आंधी-बारिश का सिलसिला जारी है। सोमवार सुबह लखनऊ, आगरा समेत 25 से ज्यादा जिलों में बादल छाए रहे। धीरे-धीरे धूप निकल आई। हालांकि, हवा में नमी की वजह से गर्मी से राहत है।

झांसी और ललितपुर में तेज बारिश हुई। संभल में धूलभरी आंधी चली। 50 से ज्यादा पेड़ और बिजली के पोल उखड़ गए। देवरिया में बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई।

मौसम विभाग के मुताबिक, आज 63 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। पिछले 4 दिन में आंधी-बारिश के चलते पारा 8°C लुढ़ककर 40°C तक पहुंच गया। कहीं भी हीटवेव (लू) नहीं चल रही है। अगले 5 दिन यानी 6 जून तक मौसम ऐसा ही रहेगा। बारिश होती रहेगी।

रविवार को बलिया, मुरादाबाद समेत 20 से ज्यादा जिलों में आंधी के साथ बारिश हुई। अमरोहा में ओले गिरे। लखनऊ में 10 साल के बच्चे पर दीवार गिर गई। लखीमपुर खीरी में 7 साल के बच्चे की जान चली गई। रामपुर में टिनशेड उड़कर बाइक सवार युवक पर गिर गया।

बस्ती प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। अधिकतम तापमान 40°C दर्ज किया गया। उरई (जालौन) में पारा 39.8°C, बांदा में 39.2°C, वाराणसी में 39°C, प्रयागराज में 38.6°C और झांसी में 38.3°C दर्ज किया गया।

लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आ रही नम हवाओं से यूपी में मौसम बदल गया है। 28 मई से सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की वजह से आंधी-बारिश के हालात बने हुए हैं। अगले 5-6 दिन तक तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर जारी रहेगा। ओले भी गिर सकते हैं। पश्चिमी यूपी और तराई क्षेत्रों में तूफान का खतरा सबसे ज्यादा है। गर्मी और लू से राहत बरकरार रहेगी।

घर के बाहर घर जैसा आराम

**होटल वैशाली**



मेन मार्केट चौक, प्रभात टाकीज गली, फैजाबाद (बस स्टेशन-रेलवे स्टेशन से 2-50 कि.मी.)

एस. बी. आई. अपोलो म्यूनिक हेल्थ इंश्योरेंस के लिए संपर्क करें। मो.- 9919404087



कंचन चौरसिया
महिला जिलाध्यक्ष उद्योग व्यापार मण्डल व चौरसिया समाज

रमेश कुमार चौरसिया
जिलाध्यक्ष चौरसिया समाज
महामंत्री उद्योग व्यापार मण्डल, फैजाबाद

नोट- पीलिया, बवासीर, गोखरू, कुत्ता काटने इत्यादि की दवा के लिए संपर्क करें।
काकू भाई मो. 9235152444

# कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 53.50 रुपए तक महंगा

**5 किलो के फ्री ट्रेड वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम रुपये 11 बढ़े**

**नई दिल्ली, 01 जून।** कॉमर्शियल सिलेंडर आज यानी 1 जून से 53.50 रुपए तक महंगा हो गया है। दिल्ली में ये 3113.50 रुपए में मिल रहा है। 5 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 11 रुपए का इजाफा किया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद अब इस सिलेंडर की कीमत 821.50 रुपए हो गई है। इसके अलावा पेट्रोल, डीजल और ATF, यानी हवाई जहाज के ईंधन पर नई एक्सपोर्ट ड्यूटी आज से लागू हो गई है।तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 53.50 रुपए तक महंगा कर दिया है। दिल्ली में इसकी कीमत 3113.50 हो गई है। पहले ये 3071.50 में मिल रहा था।कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम बढ़ने से रेस्टोरेंट मालिकों का खर्च बढ़ेगा। ऐसे में वे चाय, नाश्ते और थाली महंगी कर सकते हैं। शादियों की कैटरिंग भी महंगी हो सकती है।FTL सिलेंडर की कीमत 11 रुपए बढ़कर 821.50 हो गई है। पहले इसकी कीमत ?810.50 थी। FTL सिलेंडर को छोटू सिलेंडर भी कहते हैं जिसे कोई भी बिना एड्रेस प्रूफ के ले सकता है। इनका ज्यादातर इस्तेमाल प्रवासी मजदूर, छात्र या छोटे दुकानदार करते हैं। इसी 5 किलो वाले छोटे सिलेंडर को रेगुलर कनेक्शन के साथ लेने पर इसके दाम 339 पर स्थिर हैं। केंद्र सरकार ने पेट्रोल, डीजल और हवाई जहाज के ईंधन पर एक्सपोर्ट ड्यूटी घटा दी है। नई दरें आज 1 जून से लागू हो गई है।यह एक प्रकार का टैक्स है जो सरकार देश से बाहर बेची जाने वाली वस्तुओं पर लगाती है। टैक्स कम होने से रिफाइनरी कंपनियों को ज्यादा मुनाफा होगा। घरेलू पेट्रोल-डीजल के दामों पर कोई बदलाव नहीं होगा। सदर्न रेलवे (SR) ने चेन्नई बीच-तांबरम-चेंगलपट्टू रेल कॉरिडोर पर चलने वाली 200 से ज्यादा लोकल ट्रेनों का समय बदल दिया है। नया टाइमटेबल 1 जून 2026 से लागू हो गया है।करीब 60 किमी लंबे इस पूरे रूट पर कुल 28 स्टेशंस (जैसे चेन्नई बीच, एग्मोर, नुंगमबाक्कम, गिंडी, तांबरम और चेंगलपट्टू जंक्शन) आते हैं। इस रूट पर चलने वाली लोकल ट्रेनें सफर पूरा करने में करीब 1 घंटे 30 मिनट का समय लेती हैं। समय बदलने के कारण यहां से रोजाना दफ्तर, कॉलेज या काम-धंधे के लिए आने-जाने वाले हजारों डेली कम्यूटर्स के रूटीन पर सीधा असर पड़ेगा।अब रूफटॉप सोलर और नेट-मीटरिंग प्रोजेक्ट्स में सरकार के मान्यता प्राप्त मैन्युफैक्चर्स के ही सोलर पैनलों का उपयोग होगा।इस फैसले के कारण घरेलू स्तर पर बने प्रमाणित पैनलों की मांग बढ़ेगी। इससे उपभोक्ताओं को शुरुआती खर्च तो ज्यादा देना पड़ेगा, लेकिन लंबे समय के लिए बेहतर क्वालिटी और वारंटी वाले सुरक्षित सोलर सिस्टम की गारंटी मिलेगी।

**देश के प्रमुख शहरों में कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत**

| शहर | नई कीमत | पुरानी कीमत | अंतर |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | 3113.50 | 3071.50 | 42.00 |
| कोलकाता | 3255.50 | 3202.00 | 53.50 |
| मुंबई | 3067.50 | 3024.00 | 43.50 |
| चेन्नई | 3283.00 | 3237.00 | 46.00 |
| भोपाल | 3116.50 | 3076.50 | 44.00 |
| पटना | 414.50 | 3361.00 | 53.50 |
| जयपुर | 3141.00 | 3099.00 | 42.00 |
| लखनऊ | 3236.00 | 3194.00 | 42.00 |
| चंडीगढ़ | 3136.00 | 3092.50 | 43.50 |
| रायपुर | 3346.50 | 3294.50 | 52.00 |

**निदान चिकित्सा केन्द्र**
कालेज रोड, खिड़की अलीबेग (फैजाबाद) अयोध्या, मो0- 8577956003

डा. गुंजन यादव
(M.B.B.S.,D.G.O.)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

डा. रोहित यादव
(M.B.B.S., M.D.)
बालरोग विशेषज्ञ, पीजीआई चण्डीगढ़

**डा. राधेश्याम यादव**
(M.B.B.S., D.T.C.D.), पूर्व रेजीडेन्ट आफिसर मेडिसिन एवं नेफ्रोलोजी बत्रा अस्पताल नई दिल्ली
पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी (C.M.O) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व जिला क्षय रोग अधिकारी (D.T.O.) अयोध्या, फैजाबाद
पूर्व संयुक्त निदेशक (J.D.) आजमगढ़ मण्डल, आजमगढ़ (रजि. नं.- 29775)
प्रबंधकः- हरगोविन्द यादव

# धोखाधड़ी करने वाले तीन अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बाराबंकी। मो0 आजम पुत्र मो0 शब्बीर ग्राम मरकामऊ थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी द्वारा तहरीर दी गयी कि आरोपी संदीप कुमार ने उनके भाई मो0 अंसार को झांसा देकर सहज मनी कंपनी की एक रिटेलर आईडी बनवाई और फिर अपने दोस्त शिवम यादव व अन्य साथियों के साथ मिलकर फर्जी व कूटरचित आधार कार्ड एवं बायोमेट्रिक का अवैध तरीके से इस्तेमाल करते हुए अंसार की आईडी से 1,29,000/- रूपये की धोखाधड़ी कर अपने व अपने साथियों के अकाउंट में ट्रांसफर ली। कंपनी द्वारा पीड़ित व्यक्ति को संबंधित आईडी पर चार्जबैक नोटिस व बैंक स्टेटमेंट के माध्यम से ज्ञात हुआ कि आरोपियों द्वारा वादी के भाई मो0 अंसार की आईडी का दुरुपयोग करके भी अवैध रूप से अलग-अलग तारीखों में रूपये निकाल कर अभियुक्तों द्वारा अपने अपने बैंक खातों में ट्रांसफर कर लिया था। प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 10/2026 धारा 3(5)/318(4)/319(2)/336(3)/338/340(2) बीएनएस व 66C/66D आईटी एक्ट बनाम संदीप यादव आदि 07 नफर पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक बाराबंकी अर्पित विजयवर्गीय द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों की शिकायतों के शीघ्र निस्तारण में सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स एवं डिजिटल डेटा की मदद से घटना का अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तगण 1. शिवम यादव पुत्र देशराज यादव निवासी बुड गौरा महमूदपुर थाना रामनगर जनपद



बाराबंकी, 2. मनीष यादव पुत्र देशराज यादव निवासी बुड गौरा महमूदपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी, 3. नुसरत अली पुत्र गुलाम रसूल निवासी बुड गौरा महमूदपुर थाना रामनगर बाराबंकी को सोमैया तिराहे के आगे फैक्ट्री के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे व निशांदेही से 04 अदद मोबाइल फोन, 05 अदद सिम कार्ड, 02 अदद थम्ब स्कैनर मशीन व एक अदद अर्टिगा कार सं0 UP 32 NY 5099 बरामद किया गया। पूछताछ एवं जांच से ज्ञात हुआ कि अभियुक्तों द्वारा सीधे-साधे लोगों को कमीशन का लालच देकर उनके नाम पर SahazMone 4 की रिटेलर आईडी बनवा लेते थे, इसके बाद कुछ ऑनलाइन सर्विस देने वाली वेबसाइटों के माध्यम से राशन कार्ड और RTO जैसे विभिन्न सरकारी स्रोतों से आम-जनमानस के आधार नंबर, लिंक बैंक खाते, मोबाइल नंबर और पैन कार्ड की गोपनीय जानकारी चुराते थे। इस चुराए गए डेटा का इस्तेमाल करके वे क्लोन बायोमेट्रिक (नकली फिंगरप्रिंट) या अन्य अवैध माध्यमों से पीड़ितों के बैंक खातों से पैसे निकाल लेते थे और उस फ्रॉड की रकम को अपने व अपने साथियों के खातों में ट्रांसफर कर घर, गाड़ी और जमीन खरीद कर धनोपार्जन करते थे। शिवम यादव पुत्र देशराज यादव निवासी बुड गौरा महमूदपुर थाना रामनगर जनपद बाराबंकी का आपराधिक इतिहास इस प्रकार से है- 1. मु0अ0सं0 66/24 धारा 419/420 भादवि0 व 66D आईटी एक्ट साइबर थाना नार्थ ईस्ट ज्योतिनगर, नई दिल्ली2. मु0अ0सं0 02/24 धारा 420/406/468/384/507/120B/411 भादवि0 व 66D आईटी एक्ट साइबर थाना बाराबंकी3. मु0अ0सं0 128/24 धारा 419/420/120B भादवि0 व 66D आईटी एक्ट साइबर थाना वेस्ट गुड़गांव जनपद गुड़गांव, हरियाणा 4. मु0अ0सं0 10/26 धारा 3(5)/319(2)/318(4)/336(3)/338/340(2) भादवि0 व 66C/66D आईटी एक्ट साइबर थाना जनपद बाराबंकी बरामदगी के साथ अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव साइबर थाना,निरीक्षक बृजेश कुमार यादव प्रभारी साइबर सेल, निरीक्षक अच्छे लाल सरोज, उ0नि0 सत्येंद्र प्रकाश पाण्डेय साइबर थाना,हे0का0 जितेन्द्र कुमार गौड. का0 सुधाकर भदौरिया, का0 राजन यादव,का0 पंकज यादव, का0 अभिषेक चपराणा का सराहनीय योगदान रहा।

# राज्यपाल के नाम ज्ञापन देने जा रहे संगठन को बीच रास्ते में रोके जाने पर, जिलाधिकारी कार्यालय घेराव की दी चेतावनी

बाराबंकी। बिजली बिलों पर प्रस्तावित 10 प्रतिशत अतिरिक्त भार के विरोध में राज्यपाल के नाम ज्ञापन देने जा रहे भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पुलिस द्वारा बीच रास्ते में रोक लिए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर संगठन ने प्रशासन के रवैये पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।संगठन के प्रदेश सचिव एवं जिलाध्यक्ष बाराबंकी निहाल अहमद सिद्दीकी ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया कि ज्ञापन कार्यक्रम की तिथि पूर्व निर्धारित थी और इसकी सूचना पहले ही एलआईयू सहित संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को दे दी गई थी। संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य शांतिपूर्ण तरीके से कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने जा रहे थे, लेकिन उन्हें रास्ते में ही रोक लिया गया।उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने संगठन का ज्ञापन प्राप्त किया, लेकिन सवाल यह है कि जब पूर्व में भी संगठन कई बार शांतिपूर्ण ढंग से कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपता रहा है, तो इस बार ऐसी क्या परिस्थितियां उत्पन्न हो गईं कि रास्ते में ही रोकने की कार्रवाई की गई।



यह कोई साधारण घटना नहीं है। यह चुनिंदा किसान संगठनों का दमन और सत्ता-परस्त संगठनों को संरक्षण देने की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा लग रहा है।

निहाल अहमद सिद्दीकी ने खुलकर आरोप लगाया कि जिन संगठनों की एकमात्र विशेषता सत्ता की चाटुकारिता है और जो किसानों-मजदूरों की असली समस्याओं से कोसों दूर हैं, उन्हें प्रशासनिक आशीर्वाद हासिल है। वहीं जो जमीनी स्तर पर किसानों के हक की लड़ाई लड़ते हैं, उन्हें रास्ते में रोका जाता है, धमकाया जाता है और उनकी आवाज दबाई जाती है।

क्या अब जनहित की लड़ाई अपराध हो गई है सिद्दीकी ने चेतावनी देते हुए कहा, केवल सत्ता की तारीफ करने वालों की ही सुनवाई होगी और असली मुद्दे उठाने वालों को कुचला जाएगा, तो यह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसान-मजदूरों और आम जनता से जुड़े मुद्दों को इसी प्रकार दबाने का प्रयास किया गया तथा जनहित के आंदोलनों में प्रशासनिक बाधाएं खड़ी की गईं, तो भारतीय किसान मजदूर यूनियन दशहरी संगठन हजारों किसानों और मजदूरों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। सुशील कुमार यादव अयोध्या मंडल महामंत्री ने स्पष्ट किया कि वह किसानों,मजदूरों और आम जनता के हितों से जुड़े मुद्दों को आगे भी मजबूती से उठाता रहेगा तथा बिजली बिलों पर प्रस्तावित अतिरिक्त आर्थिक भार को वापस लेने की मांग जारी रखेगा।

उक्त अवसर पर सिद्धार्थ एडवोकेट, अजय वर्मा, दिलशाद हुसैन, अभिषेक रावत, अलीम, नसीम, रिजवान, अजय, शिवा, चंद्रिका प्रसाद, इमरान, छुट्टन, कलीम, जियाउद्दीन, मोहित, शिव सभासद, राजन, आलोक, मुकेश आदि तमाम साथी मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने ई-रिक्शा में छूटा बैग किया बरामद




गोंडा। गोंडा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक महिला का आभूषणों और कपड़ों से भरा गुमशुदा बैग बरामद कर उसे सकुशल लौटा दिया। घटना 28 मई को हुई।

राधिका पत्नी सहदेश्याम सिंह, निवासी ग्राम प्रतापपुर, पोस्ट चतरौली, थाना कर्नलगंज, जनपद गोण्डा ने यातायात कार्यालय में सूचना दी। उन्होंने बताया कि वह अपने भाई के साथ 28 मई को दोपहर लगभग 2:30 बजे गोंडा बस स्टैंड से कर्नलगंज जाने के लिए एक ई-रिक्शा में सवार हुई थीं। कर्नलगंज पहुंचकर उतरते समय उनका एक बैग ई-रिक्शा में ही छूट गया।पुलिस अधीक्षक गोंडा विनीत जायसवाल के निर्देश पर यातायात पुलिस ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। यातायात टीम ने सीसीटीवी कैमरों की मदद से ई-रिक्शा पर अंकित टोकन संख्या 316 की पहचान की और संबंधित ऑटो का पता लगाया। इसके बाद ऑटो चालक मो. इरफान को पूछताछ के लिए यातायात कार्यालय बुलाया गया। आवश्यक पूछताछ के उपरांत गुमशुदा बैग बरामद कर उसमें मौजूद सभी सामग्री सहित पीड़िता राधिका को सुरक्षित रूप से सुपुर्द कर दिया गया। बैग की बरामदगी पर पीड़िता ने गोंडा पुलिस की त्वरित और जनसेवा की भावना से की गई कार्रवाई की सराहना की।

# यूपी बोर्ड के 14 मेधावी किए गए सम्मानित

गोंडा। गोंडा के जिला पंचायत सभागार में आज सोमवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन ने यूपी बोर्ड के मेधावियों के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें सदर भाजपा विधायक प्रतीक भूषण सिंह, करनैलगंज भाजपा विधायक अजय कुमार सिंह, गोंडा जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन और जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. रामचंद्र ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान, हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की जिला टॉप-10 सूची में शामिल 14 मेधावियों को प्रशस्ति पत्र और 21 हजार रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल के सम्मानित मेधावियों में ऋषभ शुक्ला, प्रिंसी पाठक, विद्या शुक्ला और मंतशा सिद्दीकी शामिल हैं। वहीं, इंटरमीडिएट के सम्मानित मेधावियों में कोमल वर्मा, आराधना सिंह, अभिषेक तिवारी, आस्था सोनी, ऋतिक शुक्ला, अंकित यादव, प्रियांशी यादव, प्रिंस कुमार, हर्षित मिश्रा और संगीता वर्मा शामिल थे। इसके अतिरिक्त, प्रदेश की टॉप-10 सूची में जगह बनाने वाले रुचि दुबे, विमलेंद्र तिवारी, महिमा, शुभि तिवारी, प्रखर गोस्वामी और रैना शुक्ला को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक लाख रुपये का चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया था। सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने घोषणा की कि उनके



विधानसभा क्षेत्र के चार मेधावियों के घर तक पक्की सड़क बनाई जाएगी। इन सड़कों का उद्घाटन उन्हीं मेधावियों से कराया जाएगा और उनका नाम भी उन्हीं के नाम पर रखा जाएगा, जिन्होंने जिले और प्रदेश स्तर पर नाम रोशन किया है। विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने यह भी कहा कि हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के जो भी मेधावी आगे की शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, सरकार उनकी मदद करेगी।

# लंबित भुगतान को लेकर आशा बहुओं का प्रदर्शन

बहराइच। बहराइच जिले में स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत आशा बहुओं ने बड़ी संख्या में सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय के पास स्थित धरना स्थल पर पहुंच प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने पिछले छह माह से लंबित प्रोत्साहन राशि और अन्य भुगतानों को शीघ्र जारी करने की मांग करते हुए 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। आशा संघ की जिलाध्यक्ष पूनम देवी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में आशा बहुएं कलेक्ट्रेट स्थित धरना स्थल पर पहुंचीं। उन्होंने बताया कि जननी सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाली प्रोत्साहन राशि के साथ-साथ नसबंदी, आभा कार्ड और गोल्डन कार्ड से संबंधित भुगतान भी छह महीने से रुका हुआ है।

कई बार कहने के बाद भी इस बारे में विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है । जिससे हम सभी काफी परेशान हैं जिलाध्यक्ष




पूनम देवी ने कहा कि उन्हें केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं, लेकिन भुगतान नहीं हो रहा है। जिसके चलते हम सभी के सामने आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है । उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनके लंबित भुगतान जल्द जारी नहीं किए गए, तो हम सभी कार्य बहिष्कार करने के लिए मजबूर होंगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। इस दौरान ग्रामीण इलाकों में तैनात बड़ी संख्या में आशा बहुएं मौजूद थीं।

# करंट लगने से 5 वर्षीय बच्ची की मौत

बाराबंकी। बहराइच जिले के जरवल रोड थाना क्षेत्र के किंतूर गांव में करंट लगने से एक पांच वर्षीय बालिका की मौत हो गई। बच्ची अपने ननिहाल में अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी, तभी कमरे में लगी विंडो में उतरे करंट की चपेट में आ गई। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यह घटना सोमवार को हुई। हसनापुर देवरिया गांव निवासी हैदर अली की पांच वर्षीय बेटी इतरा फातिमा अपनी मां चुन्नी के साथ एक सप्ताह पहले किंतूर स्थित अपने नाना फरीद के घर आई थी। सोमवार को वह घर के भीतर अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी। खेलते-खेलते वह कमरे में लगी विंडो के पास पहुंच गई, जहां से बिजली की वायरिंग गुजरी थी। विंडो में करंट उतरने के कारण इतरा उसकी चपेट में आ गई और मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी। साथ खेल रहे बच्चों ने परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजन तुरंत बच्ची को संयुक्त चिकित्सालय सिरौली गौसपुर ले गए। अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ. अजीत सिंह ने बालिका को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही बच्ची की मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिजन शव को लेकर घर चले गए।

# ब्रेन ट्यूमर के ऑपरेशन के बाद निकली टीबी, नौ महीने के इलाज से पवन को मिला नया जीवन

बहराइच। मैं मान चुका था कि दिमाग की टीबी के बाद कभी सामान्य नहीं हो पाऊंगा लेकिन सही इलाज और हौसले ने सब बदल दिया। यह कहना है फखरपुर निवासी 43 वर्षीय पवन मिश्रा का। कभी गंभीर बीमारी और सामाजिक उपेक्षा का दंश झेलने वाले पवन आज एक टीबी चैंपियन बनकर समाज के लिए उम्मीद की नई मिसाल हैं।पवन बताते हैं कि वर्ष 2021 में लगातार सिरदर्द और उल्टी की शिकायत पर लखनऊ के निजी अस्पताल में करीब 325 ग्राम की गांठ निकालने के लिए उनका ब्रेन ऑपरेशन हुआ। हालांकि, बायोप्सी जांच में ब्रेन टीबी की पुष्टि हुई। असली संघर्ष तब शुरू हुआ जब ऑपरेशन के बाद सिर के घाव से लगातार मवाद बहने लगा। इसके कारण उन्हें भारी सामाजिक उपेक्षा झेलनी पड़ी, यहां तक कि नाई भी बाल काटने में संकोच करता था, जिससे उनका मनोबल टूट गया।सरकारी इलाज से



मिला नया जीवन-निराशा के इस दौर में सीएचसी फखरपुर के डॉक्टरों ने पवन की काउंसलिंग कर उपचार शुरू कराया। निक्षय पोषण योजना के तहत मिली सहायता और नियमित दवा से महज एक महीने में मवाद आना बंद हो गया। नौ महीने का पूरा कोर्स करने के बाद पवन पूरी तरह स्वस्थ हो गए। आज वे वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर संस्था के इम्पैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट से जुड़कर टीबी चैंपियन के रूप में ग्रामीणों को जागरूक कर रहे हैं।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने बताया कि बाल और नाखून को छोड़कर टीबी का बैक्टीरिया शरीर के किसी भी अंग को प्रभावित कर सकता है, जिसे एक्स्ट्रा पल्मोनरी टीबी कहते हैं। ब्रेन टीबी में सिरदर्द व उल्टी, जबकि अन्य मामलों में शरीर में गांठ, हड्डियों में दर्द या पेट में सूजन इसके मुख्य लक्षण हैं।

राहत की बात है कि समय पर पहचान से 95% मरीज ठीक हो जाते हैं। पिछले वर्ष जिले में ऐसे 2,200 मरीजों में से 2,090 मरीज पूरी तरह स्वस्थ हुए अस्पताल में आधुनिक सीबीनाट व ट्रूनेट मशीनों से कुछ ही घंटों में सटीक जांच व इलाज पूरी तरह नि:शुल्क उपलब्ध जिसमें निक्षय पोषण योजना के तहत प्रति माह मिलने वाली 1,000 की वित्तीय सहायता व
किसी भी जानकारी या सहायता के लिए स्वास्थ्य विभाग के टोल-फ्री नंबर 1800116666 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मजदूरों ने फैक्ट्री के बाहर किया धरना प्रदर्शन

कानपुर। कानपुर के दादानगर इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार को मजदूरों ने वेतन वृद्धि और श्रम कानूनों के पालन की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में 100 से अधिक महिला श्रमिक शामिल रहीं। मजदूरों का आरोप है कि उन्हें निर्धारित न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा है। साथ ही, उनसे 8 घंटे से अधिक काम कराया जाता है, लेकिन ओवरटाइम का भुगतान नहीं किया जाता।सूचना मिलने पर गोविंद नगर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने श्रमिकों को समझाने का प्रयास किया और उनकी समस्याएं सुनीं। इसके बाद श्रम विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और श्रमिकों से बातचीत की।श्रमिकों ने अपनी मांगों के संबंध में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने न्यूनतम वेतन, ओवरटाइम भुगतान तथा अन्य श्रमिक अधिकारों को प्रभावी ढंग से लागू करने की मांग की। श्रीपाल वर्मा ने बताया हम 17 दादानगर में फार्मा कंपनी एक्ट्रूयंस प्राइवेट लिमिटेड में



नौकरी करते हैं। हम यहां 30 सालों से नौकरी कर रहे है।

हम लोगों को 12 घंटों का 400 रुपए वेतन दिया जाता है। हम लोगों की मांग है सरकार के द्वारा जारी रेट 8 घंटे का वो हमको दिया जाए। इसके बाद यहां बोनस तक नहीं देते है । हम लोग सुबह ड्यूटी के टाइम से धरने पर बैठे है। बस हम लोगों से मिलने के लिए केवल पुलिस आई है। हमारी मांग है मालिक आकर के हमारी मांगों को लिखित मान ले। अगर वह नहीं मानेगे तो हम लोग यहां ऐसे ही धरना देंगे।

# गैंगरेप केस में 6 आरोपी गिरफ्तार




आजमगढ़। आजमगढ़ के जहानागंज थाना क्षेत्र में एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया और जांच शुरू की थी। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने आरोप लगाया कि एक युवक ने उसे बातचीत के बहाने बुलाया था। वहां पहुंचने पर उसने कुछ अन्य लोगों को भी मौजूद देखा। पीड़िता का कहना है कि जब वह वहां से जाने लगी तो आरोपियों ने उसे रोक लिया और उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलने पर एसएसपी डॉ. अनिल कुमार ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसके बाद जहानागंज थाना प्रभारी अतुल कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंबेडकर नगर निवासी आजाद, आतिश कुमार, करन कुमार, विकास, साहिल और अंकित कुमार के रूप में हुई है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जहां से उन्हें जेल भेजने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। मामले की आगे की जांच जारी है।

# अभियुक्तों द्वारा जनमानस में भय आदि का वातावरण बनाए जाने को लेकर थाना प्रभारी ने दर्ज करवाई एफआईआर

बहराइच। पूर्व से अपराध की दुनिया में सक्रिय अपराधियों को लेकर स्वयं थाना प्रभारी निरीक्षक थाना दरगाह शरीफ रामाज्ञा सिंह के द्वारा दर्ज करवाई गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि जब मैं प्रभारी निरीक्षक रामाज्ञा सिंह मय हमराह हे0का0 अंगद राय व रि0का0 मनीष कुमार यादव मय वाहन सरकारी बोलेरो UP70G3061 व मय प्राइवेट चालक के थाना हाजा से रवाना होकर देखभाल क्षेत्र, शान्ति/विधि व्यवस्था ड्यूटी सैय्यद सलार मसूद गाजी दरगाह शरीफ बहराइच में भ्रमण में था तभी थाना क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों के कई निवासियों द्वारा मुझ प्रभारी निरीक्षक को यह जानकारी दी गयी कि उपरोक्त अभियुक्तगण का एक सुसंगठित गिरोह है जिनका मुख्य उद्देश्य बेसहारा / मजबूर व्यक्तियों की भूमि /भवन को कूटरचित दस्तावेज आदि तैयार कर अपने व अपने अन्य सहयोगीगण के नाम पंजीकृत कराकर कब्जा करना है जो कि इस अपराध के अभ्यस्त अपराधी हो गये हैं।आरोप लगाया गया कि उक्त गिरोह का समाज मे स्वच्छन्द रूप से विचरण करना लोकहित मे नही है।इस गिरोह के आपराधिक कृत्यो से विधि व्यवस्था बिगड़ने की प्रबल सम्भावना बनी रहती है।अभियुक्तगण भादवि0 के अध्याय 16, 17 एवं 22 तथा बीएनएस के अध्याय 6,17,18 एवं 19 मे वर्णित अपराधो के अभ्यस्त अपराधी है, जो उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा (2) के उपखण्ड (ख)(i) मे वर्णित अपराध से आच्छादित है, इसलिए इस गैंग के लीडर व सदस्यो पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिये धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत कार्यवाही किया जाना अति आवश्यक है।उपरोक्त गिरोह के गैंग लीडर व गैंग के अन्य सदस्यो का यह कृत्य धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एंव समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 की परिधि मे आच्छादित होने के कारण विधि अनुसार इस आशय का गैंग चार्ट तैयार कर उचित माध्यम से जिला मजिस्ट्रेट बहराइच को पूर्व में प्रेषित किया गया था जो विचारण के उपरान्त श्रीमानजी द्वारा गैंग चार्ट दिनाँक 25.05.2026 को अनुमोदित करते हुए प्राप्त करा दिया गया था।अत: गैंगलीडर1- देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ देवेन्द्र सिंह उर्फ गब्बर सिंह पुत्र स्व0 रामफल सिंह निवासी ग्राम मोहनपुर माफी थाना पयागपुर बहराइच व सदस्य गण 2 - रविन्द्र सिंह पुत्र स्व0 रामफल सिंह निवासी ग्राम मोहनपुर माफी थाना पयागपुर जनपद बहराइच,3-सत्यकाम पाल पुत्र देवेन्द्र बहादुर पाल निवासी रायपुर राजा थाना कोतवाली देहातजनपद बहराइच, 4-मुकेश सिंह पुत्र अरविन्द सिंह निवासी ग्राम सेखुई थानापैकोलिया जनपद बस्ती, 5- अनिल कुमार पुत्र रामकुमार निवासी मोहल्ला हमजापुरा थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच व 6 - महेन्द्र सिंह उर्फ अभय प्रताप सिंह पुत्र गंगाप्रसाद सिंह निवासी मोहनपुर माफी थाना पयागपुर बहराइच के विरूद्ध धारा3(1) उ0प्र0 गिरोह वन्द एंव समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत हेड मुहर्रिर के माध्यम से अभियोग पंजीकृत करवाया गया।खबर लिखे जाने तक अभियुक्त अनिल कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया था।

संस्थापक सम्पादक-स्व.कैलाशनाथ
तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि.के लिए प्रकाशक योगेन्द्र विश्वकर्मा,मुद्रक एवं सम्पादक- आदर्श कुमार
* स्थानीय सम्पादक-राजेन्द्र प्रसाद यादव
तरुणमित्र के लिए योगेन्द्र विश्वकर्मा इण्डियन एक्सप्रेस सी.-26 अमौसी इण्डिस्ट्रियल एरिया लखनऊ से मुद्रित एवं बड़ी देवकाली मंदिर के बगल बेनीगंज रोड, अयोध्या (उ.प्र.) से प्रकाशित, आर.एन.आई. नं.- 55856/90
फोन नं.- 05278-363073
मो.नं. : 9451922445
ई-मेल- tarunmitra@rediffmail.com, tarunmitrafaizabad@gmail.com
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तर दायी एवं उत्पन्न समस्त विवाद फैजाबाद न्यायालय के अधीन ही होगें।

# अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर हुआ पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन

बहराइच। मिहींपुरवा। राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती के अवसर पर मिहींपुरवा स्थित नवनीत पिक्कर पैलेस में समाजवादी कार्यकर्ता सम्मेलन एवं लोकतंत्र प्रहरी पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी की नेत्री एवं बलहा विधानसभा की भावी प्रत्याशी ललित हरेंद्र पासवान ने की।जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए पत्रकारों को पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान के लिए स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि ललित हरेंद्र पासवान ने कहा कि पत्रकार कठिन परिस्थितियों में भी जनता की आवाज शासन-प्रशासन तक पहुंचाते हैं। लोकतंत्र को मजबूत रखने में इनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।पूर्व समाज कल्याण राज्य मंत्री बंशीधर बौद्ध ने राजमाता के जन कल्याणकारी और न्यायप्रिय शासन को प्रेरणास्रोत बताया। वरिष्ठ सपा नेता जुग्गी लाल यादव ने कार्यकर्ताओं से जनसमस्याओं को मजबूती से उठाने की अपील की और क्षेत्र में अवैध बालू




खनन पर चिंता जताई।प्रदीप कुमार गौतम ने लोकमाता के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।कार्यक्रम का संचालन एम. जमील कुरैशी एवं मिथिलेश यादव ने किया । पत्रकार सम्मान समारोह के दौरान मो. असलम, विनोद शर्मा, जुनैद खान, मनोज तिवारी, मदन पोरवाल, मोहम्मद जमील कुरैशी, अब्दुल खबीर, हरगोविंद पांडेय, मनीष सिंह, मो. सलीम, अजीत मौर्य, रईस खान, अनिल मौर्य, मिथिलेश जायसवाल, दुर्गेश वर्मा, रूद्र प्रताप सिंह, अनुज जयसवाल समेत कई पत्रकारों को लोकतंत्र प्रहरी पत्रकार सम्मान से नवाजा गया।इस अवसर पर धर्मेंद्र यादव, प्रदीप गौतम, अनूप मौर्य, वीरेंद्र चक्रवर्ती, मदन चौहान, पूनम गौतम, सीता पासी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, सेक्टर प्रभारी, जोन प्रभारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विस चुनाव की तैयारी में जोर शोर से जुटे पूर्व विधायक



**अयोध्या।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बीकापुर के पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह उर्फ बबलू सिंह की राजनीतिक सक्रियता लगातार बढ़ती नजर आ रही है। इसी क्रम में रविवार को उन्होंने समर्थकों एवं विधानसभा क्षेत्र के कर्मठ, जुझारू और समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आयोजित की।बैठक में वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, संगठन की मजबूती, जनसंपर्क अभियान तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही क्षेत्र के विकास, संगठन विस्तार और भविष्य की कार्ययोजना पर सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उर्मिला महाविद्यालय, कोटसराय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान पूर्व विधायक बबलू सिंह ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र की जनता की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहे हैं और आगे भी जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते रहेंगे। पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूर्व विधायक ने बीकापुर विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि संगठन की एकजुटता, कार्यकर्ताओं का समर्पण तथा जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी और ताकत है।बबलू सिंह ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में उनके द्वारा बैठकें की जा चुकी हैं और जनता का उन्हें भरपूर समर्थन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि क्षेत्र की जनता विकास और जनसेवा के मुद्दों पर उनका साथ देगी। बैठक के उपरांत पत्रकारों, समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं के साथ स्नेह भोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की।

# जनता व कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद के लिए भाजपा की नई पहल

## कार्यालय में रोज होगा जनसंवाद, दाधिकारियों की ड्यूटी निर्धारित

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी अयोध्या महानगर इकाई ने संगठनात्मक कार्यों को अधिक प्रभावी एवं जनसरोकारों से जोड़ने के उद्देश्य से साप्ताहिक कार्यालय कार्यदिवस तालिका जारी की है। एक जून से प्रारम्भ इस व्यवस्था के तहत महानगर के विभिन्न पदाधिकारियों को सप्ताह के अलग-अलग दिनों में पार्टी कार्यालय सहादतगंज में उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं एवं आमजन की समस्याएं सुनने तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है और पार्टी का प्रत्येक पदाधिकारी जनता तथा कार्यकर्ताओं के प्रति जवाबदेह है। साप्ताहिक कार्यदिवस व्यवस्था से कार्यालय की कार्यप्रणाली और अधिक व्यवस्थित होगी तथा लोगों की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी। कहा कि सभी नामित पदाधिकारी निर्धारित दिवस पर समय से उपस्थित रहकर जनता तथा कार्यकर्ताओं की शिकायतों को दूर करेंगे तथा सूचीबद्ध करके उच्च पदाधिकारियों को सूचित करेंगे। महानगर मीडिया प्रभारी अमित कुमार मिश्र ने बताया सोमवार को अरविंद सिंह, स्वाति सिंह और अमित मिश्र,




मंगलवार को तिलकराम मौर्य, विपिन सिंह एवं मनोज श्रीवास्तव, बुधवार को शशि प्रताप सिंह, शिवम शुक्ला और चंचल कसेरा, गुरुवार को रवि शर्मा, प्रवीण दूबे तथा जय प्रकाश श्रीवास्तव, शुक्रवार को हरिभजन गौड़, रवि सिंह एवं शुभम् श्रीवास्तव तथा शनिवार को रामप्रीत वर्मा, प्रदीप कुमार यादव और ओमिश अग्रहरी कार्यालय पर मौजूद रहेंगे। रविवार को बालकृष्ण वैश्य, रीना द्विवेदी, सर्वज्ञ सिंह, गरिमा मौर्य और विनय निषाद समस्याओं को सुनेंगे। महामंत्री शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, शिवेन्द्र सिंह जनसंवाद का पर्यवेक्षण करेंगे। बताया कि निर्धारित पदाधिकारी प्रात: 11 बजे से 2 बजे तक कार्यालय में उपस्थित रहेंगे। वे कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित कर करेंगे साथ-साथ संगठनात्मक कार्यों का भी संचालन करेंगे।

## दो वारंटी गिरफ्तार



सिकंदरपुर अंबेडकरनगर। जनपद अम्बेडकरनगर में पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) डॉ. तेजवीर सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी जलालपुर के कुशल नेतृत्व में अपराध नियंत्रण एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना जैतपुर पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है।माननीय न्यायालय सिविल जज (जू0डि0)/जेएम, टाण्डा, अम्बेडकरनगर द्वारा निर्गत फौजदारी वाद संख्या 421/14, अ0सं0 एनसीआर 17/03 धारा 323, 504, 506 भादवि से संबंधित वारंटी अभियुक्तों की तलाश के दौरान थाना जैतपुर पुलिस टीम द्वारा ग्राम आशापार में दबिश दी गई। पुलिस टीम ने वारंटी अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर नियमानुसार हिरासत में लेते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु रवाना किया।

## लूट के आरोपियों को सम्मनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) हरेन्द्र कुमार के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी नगर नीतीश कुमार तिवारी व थानाध्यक्ष सम्मनपुर दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व मे थाना सम्मनपुर की पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 31.05.2026 को मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 96/26 धारा 3(5)/309(4)/351(3)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त 01. राज उर्फ छोटे पुत्र संजय लोना उम्र करीब 19 वर्ष 02. अमन उर्फ पतलू पुत्र महेन्द्र लोना उम्र करीब 19 वर्ष निवासीगण शाहपुर फिरोजपुर थाना जलालपुर जनपद- अम्बेडकरनगर को समय 05.35 बजे स्थान ज्ञान स्मारक महिला विद्यालय आलमपुर अमरतल मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया व अभियुक्तगण के पास से छिनैती के 56,500/- रुपये बरामद हुये । गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है ।

# युवक की हत्या मामले में चार आरोपियों को भेजा गया जेल




**सिकंदरपुर अंबेडकरनगर।** मामूली विवाद में बांस और डंडों से पीट-पीटकर युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने चार नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चार डंडे भी बरामद किए हैं। वहीं एक अन्य नामजद आरोपित की भूमिका की जांच की जा रही है।

शरीफपुर गांव निवासी साहिल, यासीन, जमशेद और गुलाम अशरफ शनिवार रात लखनिया गांव दूध और कोल्ड ड्रिंक लेने गए थे। लौटते समय पंचायत भवन के पास सड़क पर बैठे युवकों को किनारे हटने के लिए कहने पर विवाद हो गया। कुछ देर बाद मामला शांत हो गया, लेकिन करीब आधे घंटे बाद दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए और मारपीट शुरू हो गई। घटना में चारों युवक घायल हो गए, जिनमें साहिल की अस्पताल में मौत हो गई।

रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर स्वजन कुछ अन्य लोगों के नाम मुकदमे में शामिल करने की मांग पर अड़ गए। एसडीएम राहुल कुमार गुप्ता और सीओ सिटी नीतीश कुमार तिवारी के समझाने तथा कार्रवाई के आश्वासन के बाद शव दफनाया गया।सोमवार सुबह पुलिस ने सुनील, अंकित, सत्यम और दीपचंद को मेलहिया बाग के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। क्षेत्र में एहतियातन पुलिस बल तैनात है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को अध्यक्ष जिला पंचायत, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने किया सम्मानित

**अयोध्या।** प्रदेश सरकार द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को सम्मानित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 01 जून 2026 को लोक भवन, लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह का कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य अतिथि मा. अध्यक्ष जिला पंचायत श्री श्याम सुंदर वर्मा उर्फ़ साधू वर्मा व जिलाधिकारी श्रीमती ईशा प्रिया, मुख्य विकास अधिकारी श्री आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में आयोजित जनपद स्तरीय मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में सजीव प्रसारण किया गया। तथा माननीय मुख्यमंत्री जी संदेश/उद्बोधन को सुना गया। जिलाधिकारी ने बताया कि आज प्रदेश स्तर पर आयोजित मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री जी के कर कमलों द्वारा प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में शामिल जनपद के हाईस्कूल के 05 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में जनपद स्तर पर




सम्मानित किए जाने वाले हाईस्कूल वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों में श्रेया पाण्डेय (चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज, पुरनपुर), श्रेया श्रीवास्तव (डॉ. अशोक कुमार स्मारक इंटर कॉलेज, तमसा मार्ग अकबरपुर), उन्नति सिंह (रामअधार रामलाल स्मारक इंटर कॉलेज, डिहवा मोहिद्दीनपुर), सौम्या मौर्या (सीताराम सूर्यकुमार इंटर कॉलेज, संतोषपुरम जलालपुर) तथा आर्या सिंह (शिवजी कुशलावती इंटर कॉलेज, परई कल्याणपुर) शामिल रहे।

इंटरमीडिएट वर्ग में अमृता वर्मा(डॉ. अशोक कुमार स्मारक इंटर कॉलेज, तमसा मार्ग अकबरपुर), विकास कुमार(पंडित राम अवध स्मारक इंटर कॉलेज मसेना मिर्जापुर), वन्दना वर्मा(सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर), रैली यादव व भूमि पटेल(जय बजरंग इंटर कॉलेज रामनगर), आनन्द कुमार मौर्य(सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शास्त्री नगर नेवतरिया मुस्तफाबाद), उत्कर्ष(न्यू लाइट एकेडमी इंटर कॉलेज सिकन्दरपुर), शिवानी मौर्या( तीर्थराज स्मारक इंटर कॉलेज अहमादरवेशपुर), धुर्वी सिंह (चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज, पूरनपुर) एवं रोहित कुमार(राजकुमारी इण्टर कॉलेज पीठापुर सरैया) सहित जनपद के शीर्ष मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

जनपद स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी विद्यार्थियों को 21,000 की प्रतीकात्मक धनराशि, प्रशस्ति-पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष जिला पंचायत ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आपकी सफलता देश एवं समाज की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह आप लोग अपने लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ते रहें और देश के एक आदर्श नागरिक बनने के साथ-साथ अपने जीवन में निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करें।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जनपद के छात्र-छात्राएं भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अम्बेडकरनगर का नाम प्रदेश एवं देश स्तर पर गौरवान्वित करते रहेंगे।

जिलाधिकारी ने असफल अथवा अपेक्षित परिणाम प्राप्त न कर पाने वाले विद्यार्थियों से निराश न होने का आह्वान करते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा-2026 के परिणामों में जनपद अम्बेडकरनगर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जनपद का गौरव बढ़ाया है। जनपद स्तर पर प्राप्त परिणामों के अनुसार हाईस्कूल का उत्तीर्ण प्रतिशत 91.01 प्रतिशत रहा तथा जनपद को प्रदेश में 33वां स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार इंटरमीडिएट का उत्तीर्ण प्रतिशत 82.55 प्रतिशत रहा तथा जनपद ने प्रदेश में 38वां स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक मेधावी छात्र एवं उनके माता पिता/अभिभावक, गुरुजन उपस्थित रहे।

# जल जीवन मिशन अन्तर्गत सड़कों के खस्ताहाल से राहगीर व व्यापारी परेशान

**सूरापुर अम्बेडकरनगर।** घर घर जल पहुंचाए जाने की जल जीवन मिशन शहरी योजना को सार्थक किये जाने को लेकर टाण्डा शहर में कार्यदायी संस्था द्वारा मुख्य सड़कों व गलियों में जे सी बी से गड्ढा खोदकर उसमें पाइप डालने का काम तो चलाया जा रहा है किंतु वह धीमी गति व लापरवाही के साथ कार्य करने किया जा रहा है। जिससे आसपास के दुकानदारों व व्यवसायियों को जहां धूलधूसरित होने के साथ ग्राहकों के न आने से रोजगार प्रभावित हो रहा है । इसकी सुधि लेने वाला कोई नही है । स्थानीय लोग बताते है कि सड़क की खोदाई कर पाइप डाले जाने में देरी की जाती है यदि पाइप पड़ भी गई तो निकले हुए मिट्टी की पटाई जल्दी नही की जाती है। कार्य के दौरान आवाजाही संकरे स्थान पर बिना रोके ही कराया जा रहा है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है । जैसा कि बस स्टेशन टाण्डा से दूर संचार कार्यालय तक के बीच मे लगभग दो सप्ताह का समय लग गया परन्तु अभी तक काम पूरा नही हो सका है । बताया जाता है कि



गड्ढा खोदने में बी एस एन एल को मोटी पाइप में भी सेंध मारी जा रही है । इस लापरवाही भरे कार्य को कोई देखने या कार्य मे तेजी लाने को कोई सामने नही आ रहा हूं । जब कि आसपास के लोग परेशान है लालसा , अरूण , शेखर , तौफीक अन्य कितने राहगीर आदि का कहना है कि यदि शीघ्र कार्य खत्म हो तो उनकी रोजी रोजगार पुराने ढर्रे पर आ सके और उड़ते धूल से छुटकारा भी मिल सकें।

# धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में देते है सद्भाव और एकता का संदेश : अनूप

**अयोध्या।** बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के चवंरढार गांव में कृष्णा प्रसाद यादव एवं जगन्नाथ यादव के यहां श्रीमद्भागवत कथा के उपरांत स्वामी गया जगन्नाथ जी के विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी युवजन सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप ने सहभागिता की और प्रसाद ग्रहण किया।

इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए राघवेंद्र प्रताप सिंह अनूप ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देते हैं। उन्होंने भंडारे के आयोजक कृष्णा प्रसाद यादव एवं जगन्नाथ यादव की सराहना करते हुए कहा कि वे अत्यंत सौभाग्यशाली हैं जिन्हें इस पुण्य कार्य का अवसर प्राप्त हुआ है।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों से संवाद करते हुए समाजवादी



पार्टी की नीतियों एवं जनहितकारी कार्यों का उल्लेख किया तथा आगामी समय में प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए समर्थन और सहयोग की अपील की।भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, ग्रामीणों एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और धार्मिक आयोजन का लाभ प्राप्त किया। उक्त अवसर पर पूर्व जिपंस संजय यादव, मोहित यादव,राम संवारे यादव,राम चरित्र यादव, राजेश यादव,पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक यादव, रामसुभावन यादव मास्टर युवा नेता अरूण यादव, सुशील यादव, गयाप्रसाद यादव समेत हजारों लोग मौजूद थे।

# शिवम सिंह के परिजनों से मिले हाजी फिरोज, बंधाया ढ़ाढस

**अयोध्या।** सोहावल तहसील अंतर्गत ग्राम सभा रामनगर धौराहरा निवासी युवा नेता शिवम सिंह की विगत दिनों लखनऊ में हुई निर्मम हत्या को लेकर क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। इस दुखद घटना के बाद बीकापुर विधानसभा से समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रत्याशी हाजी फिरोज खान गब्बर ने शनिवार को मृतक के आवास पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। हाजी फिरोज खान गब्बर ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि शिवम सिंह की हत्या अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक घटना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए, जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष एवं त्वरित जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी



पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय की लड़ाई में हर संभव सहयोग करेगी।

शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में सपा नेता एजाज अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष राजेश यादव, दयाशंकर भारती, मनोज यादव, शुभम प्रजापति, दीपू सिंह, ठाकुर प्रसाद यादव, रोहित सिंह, मायाराम प्रजापति एवं सतनाम यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## हल्के बादल छाए रहने की संभावना

अयोध्या। आचार्य नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रोद्योगिक विश्व विद्यालय कुमारगंज के मौसम वैज्ञानिक अमरनाथ मिश्र के अनुसार आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के बादल छाए रहने, कहीं-कहीं गरज-चमक तथा तेज हवा के साथ बूंदाबांदी होने एवं हवा सामान्य व सामान्य से तेज गति से पूर्वी चलने की संभावना है।श्री मिश्र के अनुसार सोमवार का अधिकतम तापमान 36.0 डिग्री जो सामान्य से 3.5 डिग्री कम रहा जबकि न्यूनतम तापमान 24.0 डिग्री यह भी सामान्य से 2.0 डिग्री कम रहा। सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम 80 व न्यूनतम 46 प्रतिशत रही। 2.6 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार 1से दक्षिणी-पूर्वी दिशा हवाएं चली।

# खड़ंजा मार्ग की बदहाली से नाराज ग्रामीणों का प्रदर्शन

## बोले- रोड नहीं तो वोट नहीं

**अयोध्या।** गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत फतेहपुर कमासिन ग्राम पंचायत के विभिन्न मजरों को जोड़ने वाले जर्जर खड़ंजा मार्ग की बदहाली से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाते हुए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

ग्रामीणों के अनुसार नँसा-तारुन मार्ग से कमपसवा, भटहिया, गुलजार दूबे का पूरा, हिरावनपुर और केवटहिया को जोड़ने वाला लगभग 2 किलोमीटर लंबा खड़ंजा मार्ग वर्ष 1995 में तत्कालीन ब्लॉक प्रमुख मनोज वर्मा के कार्यकाल में क्षेत्र पंचायत निधि से बनवाया गया था। करीब 31 वर्षों से यह मार्ग ग्रामीणों की आवाजाही का प्रमुख साधन बना हुआ है, लेकिन अब इसकी स्थिति बेहद जर्जर हो चुकी है।

ग्रामीणों का कहना है कि इतने लंबे समय के दौरान किसी भी जनप्रतिनिधि ने इस मार्ग को पक्की सड़क में तब्दील कराने की पहल नहीं की। सड़क की खराब हालत के कारण स्कूली बच्चों, किसानों



और आम नागरिकों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसी मार्ग से आसपास के कई गांवों के लोग नँसा बाजार तक खरीदारी और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आते-जाते हैं।

फतेहपुर ग्राम पंचायत के भावी ग्राम प्रधान पद प्रत्याशी पिंटू वर्मा के नेतृत्व में केवटहिया मोड़ पर आयोजित प्रदर्शन में राधेश्याम यादव, मोहम्मद हारून, मोहम्मद सिद्दीक, माता प्रसाद दूबे, श्रीकांत दूबे, रमापति मिश्रा, रमाकांत दूबे एवं पंडोही सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि इस सड़क के निर्माण की मांग को लेकर कई बार क्षेत्रीय विधायक अभय सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही खड़ंजा मार्ग को पक्की सड़क में परिवर्तित नहीं कराया गया तो वे वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में मतदान का बहिष्कार करने के लिए मजबूर होंगे।

ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जनहित को ध्यान में रखते हुए शीघ्र सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शुभम गलत संगत में जाने के कारण वह मेरे कहने-सुनने में नहीं है। अपने मनमाने ढंग से वह काफी दिनों से मुझे व मेरे परिवार को परेशान कर रहा है। उसने अपने मन से शादी कर लिया है। मेरे कहने सुनने में नहीं है उसकी पत्नी शुभम के साथ मेरे व परिवार के साथ गलत व्यवहार कर परेशान करती है। आये दिन लड़ाई झगड़ा करता रहता है। वह अक्सर लोगों से उधार लेता है, वापस नहीं करता है जिस कारण उसके कृत्य व्यवहार आदि से क्षुब्ध होकर मैंने पुत्र शुभम को दिनांक 26.05.26 से अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उससे मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। कोई व्यक्ति यदि उक्त शुभम से किसी प्रकार का लेन-देन अथवा लिखा-पढ़ी करेगा तो उससे मेरा कोई व वास्ता सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता- राजेश कुमार सिंह पुत्र राजेन्द्र बहादुर सिंह**
**निवासी-पूरे शत्रोहन मजरे खण्डासा, थाना खण्डासा, जिला-अयोध्या**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र प्रिंश सोनी उर्फ प्रियम् मेरे कहने-सुनने में नहीं है। उसका चाल-चलन, क्रिया-कलाप मेरे विपरीत है। वह अक्सर अन्य लोगों से लड़ाई-झगड़ा किया करता है। रुपये का लेनदेन किया करता है तथा घर में कलह उत्पन्न किये रहता है जिससे उसके कृत्यों से मैं परेशान होकर उसको मैं अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किसी भी प्रकार के कार्य के प्रति मेरा व मेरे दो अन्य पुत्र मनीष एवं अंकेश उर्फ अंशू की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सूचनाकर्ता-सुरेश कुमार सोनी पुत्र स्व. शिव प्रसाद सोनी**
**खजुरहट बाजार, थाना-बीकापुर, जिला-अयोध्या**

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान प्रथम सिविल जज जू.डि.अयोध्या

मूलवाद सं-828/24

ता0 पेशी0 03.07.26

दरगाही ........................ वादी

बनाम

उ.प्र.सरकार आदि.......प्रतिवादीगण

बनाम-रामकेवल पुत्र रामअधार मौर्य निवासीगण ग्राम ईंटगांव परगना पश्चिमराठ तहसील मिल्कीपुर जनपद फैजाबाद/अयोध्या..........प्रतिवादी

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्दवारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 07 के 03 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के 06 के 01 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

## अदालती नोटिस

H.G. form no 28 V।।।

अभियुक्त व्यक्ति की उपसंजाति के लिए अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
(धारा 82 अनुसूची 5 प्रपत्र संख्या 4)

न्यायालय श्रीमान् सिविल जज जू.डि. एफ.टी.सी. महिला अयोध्या

वाद संख्या-1/2025

धारा-498ए, 323, 504, 506 भा0दं0वि0 व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम, थाना-महिला अ.सं.8/24

वाद संख्या- 1/2025

तारीख पेशी-12.06.26

सरकार बनाम सुलतान अहमद आदि

चूँकि मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि 1.सुलतान अहमद पुत्र शेख जिलानी 2.मो.हस्सान अहमद पुत्र शेख जिलानी व्यवसाय कस्बा छोटी बाजार निवासी थाना अलीगंज जिला अम्बेडकरनगर द्वारा भारतीय दण्ड संहिता की धारा-498ए, 323, 504, 506 भा0दं0वि0 व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम अधीन दण्डनीय अपराध किया गया है और तदुपरि निकाले गये गिरफ्तारी के किया जाने का संदेह किया जाता है कि उक्त सुलतान अहमद एवं हस्सान अहमद पाया नहीं जा सका है और चूंकि मुझको समाधानप्रद रूप में यह संदर्भित कर दिया है कि उक्त सुलतान अहमद, मो.हस्सान अब पलायन कर गया है उक्त अधिपत्र तामील से बचने के लिए अपने को छिपा रहा है अतएव एतद्द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उपरोक्तसुलतान अहमद, मो.हस्सान निवासी कस्बा छोटी बाजार से यह अपेक्षा की जाती है कि दिनांक 12.06.2026 को उक्त मेरे समक्ष व उत्तर देने के लिए उपस्थित हों 2026 ई.के 05 मास 29 दिवस तक दिनांकित।

न्यायालय हस्ताक्षर

## अदालती नोटिस

हेतु संदर्शित करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)

न्यायालय श्रीमान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अयोध्या

वाद सं-3442

ता0 पेशी0 04.06.26

मो.उमर ........................ वादी

बनाम

सरकार आदि...........प्रतिवादीगण

बनाम-1.रामसूरत पुत्र रतीपाल निवासी ग्राम रामपुर अहिरौली परगना पश्चिमराठ तहसील बीकापुर, जिला अयोध्या 2.निजाम अली पुत्र जाहिद 3.रामसमुझ पुत्र जगदीश प्रसाद 4.बहोरे पुत्र सुकरू निवासी बल्लीपुर परगना पश्चिमराठ तहसील बीकापुर जिला अयोध्या 5.केशपती पत्नी रामअकबाल सिंह निवासी गंगौली परगना हवेली अवध तहसील सदर जिला अयोध्या 6.विद्यावती पत्नी वासुदेव ननौती तहसील लालगंज जिला प्रतापगढ़ 7.श्रीमती भागमती पत्नी शीतला बक्स निवासी अमावां लालगंज प्रतापगढ़ हाल पता कोरो राघवपुर तहसील बीकापुर जिला अयोध्या 8.हरीलाल पुत्र रामप्रसाद निवासी कोरो राघवपुर परगना पश्चिमराठ तहसील बीकापुर जिला अयोध्या

चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में आवेदन किया है कि.. अतएव आपको एतद्दवारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 के 06 के 04 दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और ऐसा न करने से असफल करने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और अवधारित किया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के 06 के 01 दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय

# तरुणमित्र

मंगलवार, 02 जून 2026

संवत- 2083, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष- 02


## बरदान या अभिशाप

*आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) मानव इतिहास की सबसे बड़ी तकनीकी क्रांति जरूर है लेकिन, इससे अतिशयोक्तिपूर्ण अपेक्षाओं की हवा अब निकलने लगी है। यह समझ लेना कि एआइ मानव संसाधन का स्थान ले लेगा वास्तविकता को बढ़ा-चढ़ाकर आंकने जैसा है। एआइ, दरअसल एक मशीन ही है और इससे काम लेने के लिए मानव संसाधन की आवश्यकता हमेशा रहेगी। प्रतिष्ठित ग्लोबल रिसर्च कंपनी 'गार्टनर' की हालिया रिपोर्ट एआइ की उपयोगिता और उस पर हो रहे अंधाधुंध खर्च को लेकर तीखे सवाल खड़े कर रही है। यह चर्चा अब तेज हो रही है कि क्या एआइ का 'बुलबुला' (हाइप) फूटने की कगार पर है? वैश्विक स्तर पर एआइ के विकास को समझने के लिए गार्टनर की 'हाइप साइकल फॉर जेनरेटिव एआइ' सटीक पैमाना माना जा सकता है। इसमें यह बताया गया है कि कोई भी नई तकनीक पांच चरणों से गुजरती है। एआइ अब 'अतिशयोक्तिपूर्ण उम्मीदों के शिखर' को पार कर 'मोहभंग के दौर' में प्रवेश कर चुका है। कंपनियों ने एआइ से जो तात्कालिक वित्तीय लाभ और उत्पादकता में क्रांतिकारी बदलाव की उम्मीद की थी, वह धरातल पर वैसी साबित नहीं हो रही है। एआइ प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन की अत्यधिक लागत, डेटा सुरक्षा की चिंताएं और एआइ की गलत या भ्रामक जानकारियां इसके मुख्य कारण हैं। 'गार्टनर' की रिपोर्ट में चेतावनी है कि कम से कम 30 फीसदी जेनरेटिव एआइ प्रोजेक्ट भारी लागत और अपना स्पष्ट वैल्यू साबित न कर पाने के कारण शुरुआती दौर के बाद बंद हो सकते हैं। इस तकनीकी अति-उत्साह का सबसे दुखद प्रभाव मानव संसाधन पर पड़ा है। वैश्विक टेक दिग्गजों ने एआइ को अपनाकर लागत कम करने के नाम पर लाखों कर्मचारियों की छंटनी की है। कंपनियों को लगा कि एआइ कोडिंग, कंटेंट निर्माण और ग्राहक सेवा जैसे काम बिना किसी इंसानी मदद के संभाल लेगा। लेकिन एआइ अभी तक जटिल निर्णय लेने, रचनात्मकता हेडलने और मानवीय संवेदनाओं को पूरी तरह समझने में अक्षम साबित हुआ है। उल्टे छंटनी की वजह से कंपनियों ने अपने सबसे मूल्यवान 'संस्थागत ज्ञान' को खो दिया है। यह स्थिति कंपनियों के लिए 'पछतावे का सबब' बन सकती है। गनीमत है कि भारत में एआइ अपनाने के मामले में अपेक्षाकृत सावधानी बरती जा रही है। ज्यादातर कंपनियों ने अंधाधुंध छंटनी करने की बजाय अपने कर्मचारियों को एआइ कौशल सीखने के लिए प्रेरित किया है। 'एआइ घोड़े' (मशीन) को अपनाने की बेहतर रणनीति यही है कि धीरे-धीरे उसे परिपक्व होने दिया जाए और साथ ही साथ मानव संसाधन को उसकी सवारी करने के लिए तैयार किया जाए। एआइ के कारण 'जॉब स्ट्रक्चर' में व्यापक बदलाव होना अवश्यम्भावी है, पर इसे सहजता से मानव जीवन का हिस्सा बनने दिया जाना समय की पुकार है।*

## ...आज का दिन...

**मेष**- आज रात्रि 7/09 बजे तक इच्छित कार्यों में व्यवधान, आलस्य की अधिकता, एकाग्रता भंग, शेष समय में समस्याओं का समाधान, धनागम का सुअवसर।

**वृषभ**- आज रात्रि 7/09 बजे तक उन्नति का सुयोग, योजना फलीभूत, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, शेष समय में लाभ का मार्ग अवरुद्ध, व्यय की अधिकता।

**मिथुन**- दिनचर्या व्यवस्थित, दूसरों की सलाह से कामयाबी, व्यापार में धन निवेश, सुख शांति का वातावरण, आपसी गलतफहमियां दूर होने को, पारिवारिक सौहार्द।

**कर्क**- व्यावसायिक सफलता, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, विशेष प्रयास सार्थक, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, आकस्मिक लाभ, विचारित योजना पूर्ण।

**सिंह**- आज रात्रि 7/09 बजे तक प्रतिकूलता, पुरुषार्थ के प्रति रुचि, अध्ययन में व्यतिक्रम, वाहन से भय, दुर्घटना संभव, शेष समय में सद्विचारों का उदय।

**कन्या**- आज रात्रि 7/09 बजे तक व्यवसाय में सफलता, पठन-पाठन में रुचि, मानसिक शांति, विवाद का समापन, शेष समय में कार्य के प्रति उदासीनता, इच्छापूर्ति में बाधा।

**तुला**- समय भाग्य के पक्ष में, आत्मशक्ति का विकास, कुछेक मसला सुलझने की ओर, आध्यात्मिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति।

**वृश्चिक**- ग्रहस्थिति अनुकूल, धनसम्पत्ति विषयक मसला हल, मित्रों की गतिविधियों से मानसिक राहत, व्यवसाय के विस्तार, महत्वपूर्ण कार्यों से अपेक्षित सहयोग।

**धनु**- आज रात्रि 7/09 बजे तक परिस्थितियां भाग्य के विपरीत, खर्च से परेशान, कार्यों के प्रति उदासीनता, शेष समय अनुकूल, मन प्रसन्न, भौतिक साधन सुलभ।

**मकर**- आज रात्रि 7/09 बजे तक समय आशाजनक, इच्छित पद की प्राप्ति, विवाद का समापन पक्ष में, शेष समय व्यवधानकारक, प्रतिष्ठा में कमी, धर्म के प्रति अरुचि।

**कुम्भ**- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, रचनात्मक क्रियाकलापों में रुचि, समस्या का निवारण, नवसमाचार मिलने से खुशी, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, आकस्मिक लाभ।


**मीन**- दिन शुभ, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, विशिष्टजनों से सम्पर्क, कुछेक मसला हल, प्रियजनों मित्रों से विचार-विमर्श, यात्रा का लाभ।


**-: श्री विमल जैन :-**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद् एस-2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, आकांक्षा हास्पिटल के निकट, टैगोर टाउन एक्सटेंशन

भोजूबीर, वाराणसी-221002 (उ0प्र0)- मो0:-09335414722


# अमेरिका की अधिकतम दबाव और सौदेबाजी की रणनीति



वैश्विक स्तरपर ईरान और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच चल रहा वर्तमान टकराव 2026 की सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय घटनाओं में से एक बन चुका है। स्थिति इतनी जटिल हो गई है कि एक तरफ दोनों देश वार्ता की मेज पर बैठे दिखाई देते हैं, जबकि दूसरी तरफ सैन्य दबाव, आर्थिक प्रतिबंध, नौसैनिक नाकाबंदी और युद्ध की चेतावनियां लगातार जारी हैं। पूरी दुनियाँ की नजर इस संकट पर टिकी हुई है क्योंकि यह केवल दो देशों का विवाद नहीं रह गया है, बल्कि वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री व्यापार, परमाणु प्रसार, महाशक्ति प्रतिस्पर्धा और विश्व अर्थव्यवस्था का प्रश्न बन चुका है। सबसे बड़ा और ताज़ा अपडेट यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने ही वार्ताकारों द्वारा तैयार किए गए मसौदा समझौते में नए बदलाव और अधिक कठोर शर्तें जोड़ने की मांग की है। रिपोर्टों के अनुसार व्हाइट हाउस के सिचुएशन रूम में हुई उच्च स्तरीय बैठक के बाद ट्रंप ने परमाणु कार्यक्रम, संवर्धित यूरेनियम भंडार और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ से जुड़ी भाषा को और सख्त करने का निर्देश दिया है। इससे वह समझौता, जिसे कुछ दिन पहले लगभग अंतिम माना जा रहा था, फिर से अनिश्चितता में फंस गया है।

मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि वर्तमान संकट की सबसे दिलचस्प बात यह है कि ट्रंप के बयान लगातार बदलते रहे हैं। कभी वे कहते हैं कि समझौता लगभग तैयार है,कभी कहते हैं कि उन्हें कोई जल्दबाजी नहीं है, और फिर यह भी स्पष्ट करते हैं कि यदि ईरान अमेरिकी शर्तें नहीं मानता तो सैन्य विकल्प पूरी तरह खुला रहेगा। इस बदलते रुख ने न केवल तेहरान बल्कि अमेरिका के सहयोगी देशों को भी असमंजस में डाल दिया है। अमेरिका की मुख्य मांगें अब पहले से कहीं अधिक स्पष्ट और कठोर दिखाई दे रही हैं। वाशिंगटन चाहता है कि ईरान स्थायी रूप से परमाणु हथियार कार्यक्रम छोड़ने की कानूनी और अंतरराष्ट्रीय गारंटी दे।

इसके अलावा ईरान के पास मौजूद संवर्धित यूरेनियम के बड़े भंडार को या तो नष्ट किया जाए या अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की निगरानी में सौंप दिया जाए। अमेरिका यह भी चाहता है कि स्ट्रैट ऑफ़ होर्मूज़ पूरी तरह खुला रहे, जहाजों की आवाजाही बिना किसी बाधा और बिना किसी टोल के हो तथा ईरान अपनी मिसाइल और क्षेत्रीय सैन्य गतिविधियों पर भी नियंत्रण स्वीकार करे। साथियों, दूसरी तरफ ईरान का दृष्टिकोण बिल्कुल अलग है।

तेहरान का कहना है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है और वह अपनी संप्रभुता से समझौता नहीं करेगा। ईरान अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने, अरबों डॉलर की फ्रीज की गई संपत्तियों को वापस पाने और क्षेत्रीय सुरक्षा मामलों में अपनी भूमिका को मान्यता दिलाने की मांग कर रहा है।

यही कारण है कि बातचीत बार-बार आगे बढ़ने के बाद फिर अटक जाती है। पिछले कुछ दिनों में सामने आई रिपोर्टों के अनुसार कई बैठकों में ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी शर्तों पर तीखी आपत्ति जताई। कुछ मौकों पर बातचीत बीच में रुक गई और ईरानी पक्ष ने असंतोष व्यक्त करते हुए बैठक छोड़ दी। हालांकि अभी तक किसी भी पक्ष ने आधिकारिक रूप से वार्ता समाप्त होने की घोषणा नहीं की है। ओमान और अन्य मध्यस्थ देशों के माध्यम से संवाद जारी है। पूरे संकट का सबसे संवेदनशील मुद्दा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ है। दुनियाँ के समुद्री तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी जलडमरूमध्य से गुजरता है। अमेरिका चाहता है कि यह मार्ग पूरी तरह खुला और मुक्त रहे, जबकि ईरान इस क्षेत्र में अपनी सुरक्षा और प्रशासनिक भूमिका को स्वीकार करवाना चाहता है। इसी मुद्दे पर दोनों पक्षों के बीच सबसे गंभीर मतभेद बने हुए हैं। स्थिति को और गंभीर बनाने वाली घटना वह थी जब अमेरिकी सेना ने ईरान की ओर जा रहे एक कार्गो जहाज को रोकने के लिए मिसाइल कार्रवाई की।अमेरिकी अधिकारियों का दावा है कि जहाज नाकाबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहा था, जबकि ईरान इसे उकसावे की कार्रवाई बता रहा है। इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि बातचीत चलने के बावजूद सैन्य टकराव का खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।

साथियों, युद्ध की संभावना को लेकर दुनिया भर के रणनीतिक विशेषज्ञों में मतभेद हैं। हालांकि अधिकांश विश्लेषकों का मानना है कि दोनों देश पूर्ण युद्ध से बचना चाहते हैं क्योंकि इसकी कीमत बहुत भारी होगी। फिर भी किसी गलत सैन्य गणना, ड्रोन हमले, समुद्री झड़प या परमाणु विवाद के कारण स्थिति अचानक नियंत्रण से बाहर जा सकती है। वर्तमान हालात को देखें तो यह कहना गलत नहीं होगा कि क्षेत्र "न युद्ध, न शांति" की स्थिति में है। इसी बीच इजराइल की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण बनी हुई है। इजरायल लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानता रहा है। रिपोर्टों के अनुसार अमेरिका ने समझौते के मसौदे को इजरायल सहित अपने प्रमुख सहयोगियों के साथ साझा किया है ताकि किसी संभावित समझौते पर सटीकता से क्षेत्रीय सहमति बनाई जा सके।

साथियों इस पूरे संकट का एक बड़ा आयाम महाशक्तियों की राजनीति भी है। चाइना और रूस दोनों विभिन्न स्तरों पर ईरान के साथ जुड़े हुए हैं। यदि अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ता है तो यह केवल पश्चिम एशिया का संकट नहीं रहेगा बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन का प्रश्न बन जाएगा। रूस और चीन खुले सैन्य हस्तक्षेप से बच सकते हैं, लेकिन कूटनीतिक और आर्थिक समर्थन के माध्यम से समीकरण को जटिल बना सकते हैं। भारत के लिए यह संकट अत्यंत महत्वपूर्ण है। इंडिया अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से प्राप्त करता है। यदि संघर्ष बढ़ता है और होर्मुज़ में यातायात बाधित होता है तो सबसे पहला प्रभाव कच्चे तेल की कीमतों पर दिखाई देगा। कई विश्लेषकों का मानना है कि गंभीर संघर्ष की स्थिति में तेल 120 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकता है।

इससे भारत का आयात बिल तेजी से बढ़ेगा और चालू खाते का दबाव बढ़ सकता है। तेल की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर पेट्रोल, डीजल और परिवहन लागत पर पड़ेगा। परिवहन महंगा होने से खाद्य पदार्थों से लेकर औद्योगिक वस्तुओं तक लगभग हर क्षेत्र में महंगाई बढ़ सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक की नीतियों पर भी दबाव बढ़ेगा क्योंकि मुद्रास्फीति नियंत्रण एक बड़ी चुनौती बन सकती है। भारतीय शेयर बाजार भी इससे अछूता नहीं रहेगा। निफ्टी 50 और बीएसई सेंसेक्स में तेज उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। तेल आयात पर निर्भर कंपनियां, एयरलाइंस, लॉजिस्टिक्स और पेट्रोकेमिकल क्षेत्र विशेष दबाव में आ सकते हैं। इसके विपरीत ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र की कुछ कंपनियों को सटीकता से लाभ भी मिल सकता है। साथियों, खाड़ी देशों में कार्यरत लाखों भारतीयों की सुरक्षा भी एक बड़ा मुद्दा बन सकती है। यदि संघर्ष व्यापक रूप लेता है तो भारत को फिर से बड़े पैमाने पर निकासी अभियान चलाना पड़ सकता है, जैसा अतीत में विभिन्न संकटों के दौरान देखा गया था।

वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा खतरा ऊर्जा संकट का है। यदि होर्मुज़ में व्यवधान आता है तो केवल तेल ही नहीं बल्कि प्राकृतिक गैस की आपूर्ति भी प्रभावित होगी। यूरोप पहले से ऊर्जा सुरक्षा के प्रश्नों से जूझ रहा है और नया संकट वहां की अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव डाल सकता है। विश्व शेयर बाजारों पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। अमेरिकी बाजारों में गिरावट, यूरोप में ऊर्जा आधारित कंपनियों पर दबाव और एशियाई बाजारों में अस्थिरता देखने को मिल सकती है। ऐसे समय में निवेशक अक्सर सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर जाते हैं, इसलिए सोने और अन्य सुरक्षित परिसंपत्तियों में तेजी की संभावना बढ़ जाती है।समुद्री व्यापार भी गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है। यदि जहाजों की आवाजाही पर खतरा बढ़ता है तो बीमा प्रीमियम और माल ढुलाई लागत बढ़ जाएगी। इससे वैश्विक सप्लाई चेन पर असर पड़ेगा और वस्तुओं की कीमतें विश्व स्तर पर बढ़ सकती हैं।

अतः अगर हम अप्रक पूरे विवरण का अध्ययन करें इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि अमेरिका और ईरान दोनों एक-दूसरे पर दबाव बनाते हुए बेहतर सौदा हासिल करना चाहते हैं। ट्रंप का बार-बार बदलता रुख कुछ विश्लेषकों को भ्रमित करने वाला लगता है, लेकिन दूसरी व्याख्या यह भी है कि वे अधिकतम दबाव और अधिकतम सौदेबाजी की रणनीति अपना रहे हैं। दूसरी ओर ईरान भी पूरी तरह झुकने को तैयार नहीं है क्योंकि ऐसा करना उसकी घरेलू राजनीति और क्षेत्रीय प्रतिष्ठा के लिए कठिन होगा।आज की स्थिति में पूर्ण युद्ध की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है और बातचीत अभी भी जारी है। लेकिन यह भी सच है कि हालात बेहद नाजुक हैं। किसी भी गलत सैन्य कार्रवाई, होर्मुज़ में नई घटना, परमाणु मुद्दे पर गतिरोध या क्षेत्रीय समूहों की गतिविधियों से संकट अचानक भड़क सकता है।

इसलिए दुनिया की निगाहें आने वाले दिनों में होने वाली अमेरिका- ईरान वार्ताओं, ट्रंप द्वारा मांगी गई नई शर्तों और तेहरान की प्रतिक्रिया पर टिकी हुई हैं। फिलहाल पूरा विश्व युद्ध और समझौते के बीच झूलते इस संकट के अगले अध्याय का इंतजार कर रहा है।





**-संकलनकर्ता लेखक- क़र विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए (एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र- 9284141425**


# चंदौली

## करजरा गांव में पसरा मातम, मासूम की मौत बनी रहस्य

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जनपद के धीना थाना क्षेत्र अंतर्गत करजरा गांव रविवार को उस समय शोक और सनसनी में डूब गया जब गांव के एक 5 वर्षीय मासूम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। मासूम की मौत के बाद जहां परिजनों में कोहराम मचा है, वहीं ग्रामीणों के बीच भी तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। जानकारी के अनुसार करजरा गांव निवासी कृष्णा सिंह का 5 वर्षीय पुत्र कार्तिक सिंह रविवार सुबह करीब 10 बजे गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था।



खेलते समय वह अचानक गायब हो गया। पहले तो लोगों ने समझा कि वह किसी रिश्तेदार या पड़ोसी के घर चला गया होगा, लेकिन काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई।

दो घंटे तक तलाश, फिर मिला अचेत पड़ा मासूम- परिजनों और ग्रामीणों ने गांव के हर कोने में कार्तिक की तलाश शुरू कर दी। करीब दो घंटे बाद विद्यालय परिसर में ही कार्तिक अचेत अवस्था में पड़ा मिला। उसे तुरंत घर लाया गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। मासूम की मौत की खबर मिलते ही पूरे गांव में मातम छा गया। घर के बाहर लोगों की भीड़ जमा हो गई। हर किसी की आंखें नम थीं और लोगों के मन में एक ही सवाल था—आखिर मासूम के साथ हुआ क्या?

मां की चीखों से गूंज उठा गांव- कार्तिक की मां कंचन देवी अपने बेटे का शव देखकर बार-बार बेहोश हो रही थीं। परिवार की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी भावुक हो उठे। पिता कृष्णा सिंह, जो बेंगलुरु में एक निजी कंपनी में नौकरी करते हैं, घटना की सूचना मिलते ही घर के लिए रवाना हो गए।

मृतक कार्तिक अपने परिवार का इकलौता बेटा था। उसकी दो बहनें नीति सिंह (14 वर्ष) और रोशनी सिंह (12 वर्ष) हैं। बेटे की असमय मौत ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

हत्या की आशंका, निष्पक्ष जांच की मांग- घटना की परिस्थितियों को देखते हुए परिजनों ने इसे सामान्य मौत मानने से इनकार किया है। उनका कहना है कि मामला संदिग्ध है और इसकी गहन जांच होनी चाहिए। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

पुलिस जुटी जांच में- घटना की सूचना मिलते ही धीना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मौत के कारणों के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य वैज्ञानिक जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है और घटना से जुड़े हर बिंदु की पड़ताल की जा रही है।

सवालों के घेरे में मासूम की मौत- करजरा गांव में हुई इस दर्दनाक घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर खेलते-खेलते गायब हुआ मासूम विद्यालय परिसर में अचेत कैसे पहुंचा? उसकी मौत के पीछे हादसा है, बीमारी है या फिर कोई साजिश? इन सभी सवालों के जवाब अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही सामने आएंगे। फिलहाल पूरे गांव की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं और हर कोई मासूम कार्तिक को न्याय मिलने की उम्मीद कर रहा है।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुसार महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद चंदौली में "मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण)" के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।



पुलिस अधीक्षक चंदौली के निर्देशन में जिले के सभी थानों एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा बाजारों, कस्बों, ग्रामीण क्षेत्रों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। पुलिस कर्मियों ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टॉप सेंटर, 181 महिला हेल्पलाइन, निराश्रित महिला योजना, शक्ति सदन एवं सखी निवास जैसी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण कानूनों की भी जानकारी दी गई। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम-2005, कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम-2013, दहेज निषेध अधिनियम-1961 तथा गर्भधारण पूर्व एवं प्रसवपूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम-1994 के प्रमुख प्रावधानों से महिलाओं को अवगत कराया गया।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। अभियान के दौरान साइबर सुरक्षा के प्रति भी विशेष जागरूकता फैलाई जा रही है। महिलाओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों से बचने के उपाय बताए गए। इसके साथ ही थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं एवं उनके उद्देश्यों की जानकारी भी दी गई। पुलिस प्रशासन ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए हर स्तर पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी।

## चंदौली में बी.एड. प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

**तरूणमित्र न्यूज**

**चंदौली।** जनपद चंदौली में उत्तर प्रदेश बी.एड. संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026-27 रविवार को 14 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और प्रशासनिक निगरानी के बीच सकुशल सम्पन्न हुई। परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र से अव्यवस्था अथवा गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली। प्रथम पाली में कुल 6,320 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 5,780 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 540 अभ्यर्थी अनुपस्थित पाए गए।

वहीं द्वितीय पाली में भी 6,320 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 5,785 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 535 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी बनाने के लिए सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल, उड़नदस्ता टीम तथा निगरानी व्यवस्था तैनात की गई थी। अधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 12,640 अभ्यर्थियों में से 11,565 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 1,075 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न होने पर प्रशासन ने संतोष व्यक्त किया है।

## पहाड़ी के पीछे चल रहा था जुए का अड्डा, पुलिस ने मारी रेड

**तरूणमित्र न्यूज**

**चकिया, चंदौली।** चकिया पुलिस ने अपराध एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम फत्तेपुर स्थित पहाड़ी के पीछे संचालित जुए के अड्डे पर छापेमारी कर छह लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 21,070 रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते, छह मोबाइल फोन तथा आठ मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि फत्तेपुर गांव के समीप पहाड़ी के पीछे कुछ लोग सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और छापेमारी की। पुलिस को देखते ही वहां मौजूद कई लोग भाग निकले, जबकि छह आरोपियों को मौके पर ही दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमलेश कुमार, निखिल पटेल, शुभम गिरी, वकील बिंद, रामबली तथा रमेश जायसवाल के रूप में हुई है। पूछताछ के




बाद सभी के विरुद्ध सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने जुए के फड़ से 19,600 रुपये तथा अभियुक्तों की जामा तलाशी से 1,470 रुपये बरामद किए। इसके अतिरिक्त जुआ खेलने में प्रयुक्त 52 ताश के पत्ते और छह मोबाइल फोन भी जब्त किए गए।

मौके पर खड़ी आठ मोटरसाइकिलों को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फरार आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। जनपद में जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## रील का रोग.....!



फोटो- गूगल से साभार

सोशल मीडिया पर प्यारे....!<br>
आज के दौर में....<br>
रील पर रील बन रही है........<br>
हर हाथ को रोजगार भी मिला है...<br>
और इसके ही बहाने.....<br>
पीछे से नई-नई डील भी हो रही है....<br>
रील के बहाने...व्यस्त होने भर का..<br>
यहाँ सबको काम-काज मिला है...<br>
और इसी बहाने...नए-नए उद्यम...<br>
और संग में...नए-नए तरीकों का...<br>
रोज आगाज हो रहा है....<br>
तेजी से मुनाफे की भी तलाश है...<br>
हर किसी को यहाँ....!<br>
इसीलिए....रील बनाने में....<br>
नहीं किसी का कोई....!<br>
लिहाज हो रहा है....<br>
कोई रील बना रहा है...तो...<br>
कोई रील बनवा रहा है....<br>
कोई रील देख रहा है...तो...<br>
कोई यही रील दिखवा रहा है....<br>
कोई इस रील से अपने सिद्धांतों पर<br>
मुहर मरवा रहा है....<br>
हर एक रील में....देश दुनिया की...<br>
कोई ना कोई कहानी है....<br>
किसी में बचपन...तो...<br>
किसी में बुढ़ापा....किसी रील में...<br>
दिखती जवानी है.....<br>
किसी में आज का सच है....तो....<br>
किसी में बातें उठी पुरानी है<br>
किसी ने सच को है दिखाया....तो...<br>
किसी ने कहानी को मोड़ा है<br>
किसी ने तोड़ डाला रिश्ता....तो....<br>
किसी ने रिश्तों को.....!<br>
बेहद मजबूती से जोड़ा है....<br>
गौरतलब है मित्रों.....<br>
रील की यह आभासी दुनिया...<br>
सबको रीयल दिख रही है.....<br>
सबको ही फील गुड करा रही है....<br>
अँधेरे में ही कहो प्यारे....!<br>
ताबड़तोड़ तीर पर तीर चला कर....<br>
सबको रॉबिन हुड बना रही है....<br>
कोई परदे में रहकर....तो....<br>
कोई बेपरदा होकर....<br>
कोई कल्पना के पहाड़ पर चढ़....<br>
कोई जमीनी हकीकत बयाँ कर...<br>
धकाधक....रील पर रील....!<br>
बनाये जा रहा है....और....<br>
खुद ही मदमस्त होकर.....!<br>
सीना फुलाए जा रहा है....<br>
इस रील की दुनिया को लेकर प्यारे,<br>
युवा वर्ग कह रहा है सारा का सारा..<br>
कि इस रील के सहारे ही....!<br>
वह दुनिया भर में ...<br>
तहलका मचाए जा रहा है.....<br>
वहीं कह रही है बूढ़ी पीढ़ी<br>
कि इस रील के सहारे.....!<br>
बहुतेरों को भरमाया जा रहा है...<br>
विषय यह विवाद का....<br>
हो सकता है प्यारे...पर....<br>
सच है यही कि.... रील का रोग....<br>
दिन-प्रतिदिन सबको ही.....!<br>
रिझाये जा रहा है....भाए जा रहा है<br>
रील का रोग....<br>
दिन-प्रतिदिन सबको ही.....!<br>
रिझाये जा रहा है....भाए जा रहा है




**रचनाकार....**<br>
**जितेन्द्र कुमार दुबे**<br>
**अपर पुलिस**<br>
**उपायुक्त, लखनऊ**


## रोक यार

उन सभी फिरकापरस्तों को रोक यार<br>
उगे हशीश के दरख्तों को रोक यार

कब्ल इसके जहर फैल जाए भर जिस्म<br>
बने नासूर जुल्मतों को रोक यार

कर डालेंगे कत्ल लगता अम्नोअमान<br>
बेअख्तिआर कमबख्तों को रोक यार

मुल्क के निगहबां का कर खैरमकदम<br>
हर गली चल रहे गस्तों को रोक यार

गले मिलते हाथों में दिखी है खंजर<br>
इन दगाबाज मुहब्बतों को रोक यार

कुछ बदगुमानो ने दुनिया उठा रखी<br>
उनके बेजा हरकतों को रोक यार

जिंदगी चल रही बदस्तूर चलेगी<br>
सभी फालतू हिकमतों को रोक यार

क्यों करता है यकीन हर बार उन पर<br>
खुदी की सोच किस्मतों को रोक यार

अब तुम्हारे मक़सदों को रहे बेच<br>
बने खुदगर्ज सरपरस्तों को रोक यार

बदले में न कहीं वे खाल उधाड़ लें<br>
बिलावजह की रहमतों को रोक यार

**डॉ एम डी सिंह**

## चन्दौली पुलिस का बड़ा एक्शन: 48 किलो गांजा बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

### वाराणसी से बिहार ले जाई जा रही थी 23.50 लाख की नशीली खेप, दो कारें और पांच मोबाइल फोन जब्त

**तरूणमित्र न्यूज**

**चन्दौली।** पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 48 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत लगभग 23.50 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त दो कारों को भी जब्त कर लिया है।




मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई- पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में कोतवाली चन्दौली पुलिस नवीन मंडी फ्लाईओवर के पास वाहन चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि वाराणसी की तरफ से दो कारों में अवैध गांजा लेकर कुछ लोग बिहार की ओर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों वाहनों को रोक लिया।

डिग्गी से निकले गांजे के 47 बंडल- तलाशी के दौरान हुंडई कार की डिग्गी से 20 बंडल तथा डिजायर कार से 27 बंडल गांजा बरामद हुआ। कुल 47 बंडलों में पैक 48 किलोग्राम गांजा मिलने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में खुला राज- गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे गांजे की खेप वाराणसी से लेकर बिहार पहुंचाने जा रहे थे। पुलिस अब इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुट गई है।

पुलिस टीम की सराहना- इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वर प्रसाद पाण्डेय, उपनिरीक्षक केशव प्रसाद सिंह, उपनिरीक्षक बाबूराम यादव तथा कांस्टेबल संजय पटेल की अहम भूमिका रही। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मेधावियों के सम्मान में तालियों से गूंजा सभागार, गर्व से दमके अभिभावकों के चेहरे




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकभवन सभागार में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में प्रदेश के विभिन्न शिक्षा बोर्डों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेधावियों को चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान लोकभवन सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। मेधावियों की उपलब्धियों पर अभिभावकों के चेहरे गर्व से दमक उठे।

मुख्यमंत्री ने सबसे पहले सीतापुर के बाबूराम सावित्री देवी इंटर कॉलेज, शेखपुर बिलौली बाजार की छात्रा कशिश वर्मा को सम्मानित किया, जिन्होंने 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उनके साथ उनके अभिभावक और प्रधानाचार्य को भी सम्मानित किया गया। इसके बाद बाराबंकी की द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज, जैदपुर की अंशिका वर्मा को सम्मानित किया गया। समारोह में सीतापुर की शिक्षा वर्मा, कन्नौज के राधा देवी आदर्श संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की सृष्टि, प्रतापगढ़ के राम टहल संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के रजनीश यादव को सम्मान मिला।

लखनऊ पब्लिक कॉलेज, राजाजीपुरम के शिवम अवस्थी ने 99.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। मुख्यमंत्री ने उनकी उपलब्धि की सराहना करते हुए उनके अभिभावकों और विद्यालय परिवार को बधाई दी। कानपुर के डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर, किदवई नगर की अनन्या गर्ग तथा शीलिंग हाउस स्कूल की श्रेष्ठी सिंह को भी सम्मानित किया गया। अनन्य और श्रेष्ठी सिंह ने 99.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर के वैवस्वत नारायण दुबे (99.80 प्रतिशत) को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।समारोह का सबसे विशेष क्षण तब आया जब शीलिंग हाउस स्कूल, कानपुर नगर के ओजस्वित पसरीचा को 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने उनकी उपलब्धि को असाधारण बताते हुए उनके माता-पिता और शिक्षकों को भी बधाई दी। सभागार में उपस्थित लोगों ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया।

गाजियाबाद के एमिटी इंटरनेशनल स्कूल के दक्ष वासुदेवा और प्रिसीडियम इंदिरापुरम के अश्विक जैन को भी सम्मानित किया गया। दोनों विद्यार्थियों ने 99.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया। वहीं बरेली के चिकर इंटरनेशनल स्कूल की मानवी पटेल को 99.66 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सम्मान मिला।समारोह में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद, संस्कृत शिक्षा परिषद, सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रदेश स्तर पर शीर्ष 10 स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को एक लाख रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान किए गए। वहीं जनपद स्तर पर टॉप-10 में स्थान बनाने वाले 1459 मेधावी विद्यार्थियों को 21 हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया जा रहा है।

# विद्यालयों की लाइब्रेरी के लिए पुस्तकों की आपूर्ति और भुगतान का सत्यापन कराएगी योगी सरकार



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को पारदर्शी, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाने की दिशा में लगातार ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में समग्र शिक्षा एवं पीएम योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त स्वीकृति के क्रम में चयनित परिषदीय विद्यालयों के पुस्तकालयों हेतु क्रय की गई पुस्तकों की आपूर्ति एवं भुगतान संबंधी विवरणों का जनपदवार सत्यापन कराने का निर्णय लिया गया है।

योगी सरकार द्वारा सभी जिलों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए निर्धारित प्रारूप पर प्रमाणित विवरण उपलब्ध कराने को कहा गया है।प्रदेश सरकार विद्यालयों में पुस्तकालयों और पठन-पाठन संसाधनों को मजबूत बनाने पर विशेष बल दे रही है। विद्यार्थियों में पढ़ने की आदत विकसित करने, ज्ञान के दायरे का विस्तार करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण तैयार करने के लिए विद्यालयों में विभिन्न प्रकार की पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इसी उद्देश्य से क्रय की गई पुस्तकों की आपूर्ति और भुगतान संबंधी अभिलेखों की समीक्षा कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाएगा, ताकि संसाधनों का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप सुनिश्चित हो सके।

जारी निर्देशों के अनुसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को चयनित प्रकाशकों एवं आपूर्तिकर्ताओं द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरणों का जनपद स्तर पर उपलब्ध अभिलेखों से मिलान करना होगा। सत्यापन के उपरांत प्रमाणित विवरण शासन को उपलब्ध कराया जाएगा। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर शासन स्तर पर समीक्षा की जाएगी, जिससे पुस्तकों की आपूर्ति और भुगतान संबंधी व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का स्पष्ट आकलन हो सकेगा। साथ ही भविष्य में संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और प्रभावी उपयोग के लिए भी ठोस आधार तैयार होगा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते वर्षों में शिक्षा विभाग में तकनीक आधारित मॉनिटरिंग, ऑनलाइन ट्रैकिंग, डेटा आधारित अनुश्रवण और जवाबदेही पर आधारित कार्यसंस्कृति को व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया गया है।

पुस्तकों की आपूर्ति एवं भुगतान संबंधी विवरणों के सत्यापन की यह पहल उसी श्रृंखला की महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसका उद्देश्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ उनके वास्तविक परिणामों की निगरानी को भी मजबूत बनाना है। योगी सरकार की स्पष्ट नीति है कि शिक्षा से जुड़े प्रत्येक संसाधन का लाभ विद्यार्थियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचे और योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की विसंगति की गुंजाइश न रहे। सत्यापन की इस प्रक्रिया से प्रशासनिक जवाबदेही को और मजबूती मिलेगी, साथ ही यह सुनिश्चित होगा कि विद्यालयों के लिए उपलब्ध कराए गए शैक्षणिक संसाधनों का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप हो रहा है।

# 300 प्रतिशत मुनाफे का झांसा देकर 43 लाख की ठगी

लखनऊ। लखनऊ के अलीगंज थाना क्षेत्र में युवक ने साइबर ठगों के जाल में फंसकर 43 लाख रुपए गंवा दिए। ठगों ने उन्हें व्हाट्सएप निवेश ग्रुप और फार्लोन ष्ट्रूनामक ट्रेडिंग ऐप के जरिए भारी मुनाफे का लालच देकर निवेश कराया। जब पीड़ित ने रकम निकालने की कोशिश की तो ठगों ने इनकम टैक्स के नाम पर और पैसे जमा करने का दबाव बनाया। तब युवक को धोखाधड़ी का अहसास हुआ और पुलिस से शिकायत की। चंद्रलोक कॉलोनी, अलीगंज निवासी अभिषेक भारती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25 मार्च को उन्हें क्ष्७ इंवेस्टमेंट स्ट्रेजी डिसकशन व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था। 11 मई को,17 वर्मा इंवेस्टमेंट क्लब इंटर्नशिप टीम नाम के दूसरे ग्रुप में शामिल किया गया। दोनों ग्रुपों का संचालन खुद को निवेश विशेषज्ञ बताने वाले जयेश वर्मा नामक व्यक्ति और उसकी टीम कर रही थी। शुरुआत में ग्रुप में शेयर बाजार और निवेश से जुड़ी सामान्य चर्चाएं कर भरोसा जीता गया। इसके बाद आरोपियों ने फार्लोन ष्ट्रू नामक ट्रेडिंग ऐप का प्रचार करते हुए कम समय में कई गुना मुनाफा मिलने का दावा किया। भरोसा बढ़ाने के लिए आरोपियों ने खुद को वैध संस्था साबित करने के उद्देश्य से सेबी का प्रमाणपत्र भी उपलब्ध कराया। एक बैंक खाते का विवरण देकर निवेश को पूरी तरह सुरक्षित बताया। पीड़ित ने बताया कि ऐप में सीधे पैसा जमा करने की सुविधा नहीं थी। हर बार निवेश के लिए आरना नामक महिला अलग-अलग बैंक खातों की जानकारी भेजती थी। जिनमें रकम ट्रांसफर करनी होती थी। इसके बाद ठगों ने गोल्डलाइन-क्क नामक आईपीओ में निवेश कराने का झांसा दिया। 200 से 300 प्रतिशत तक लाभ मिलने का दावा किया। 10 गुना सब्सक्रिप्शन के नाम पर भी अतिरिक्त रुपए जमा कराई गई। आरोपियों ने बाद में बताया कि अपेक्षा से अधिक शेयर आवंटित हुए हैं और उन्हें बेचने के लिए आउटस्टैंडिंग अमाउंट जमा करना जरूरी है। लगातार दबाव और बातों में आकर अभिषेक ने 43 लाख रुपए जमा कर दिए। पीड़ित के अनुसार, कुछ समय बाद ऐप में उनके खाते में करीब 1.24 करोड़ रुपए दिखने लगे, जिसमें लगभग 43 लाख रुपए निवेश और करीब 80 लाख रुपए लाभ दर्शाया गया था। जब उन्होंने रकम निकालने की कोशिश की तो निकालने नहीं दिया। आरोपियों ने प्रॉफिट पर 15 प्रतिशत पर्सनल इनकम टैक्स जमा करने की शर्त रखी। संदेह होने पर जांच करने पर पता चला कि व्हाट्सएप समूह के अधिकांश सदस्य और मोबाइल नंबर फर्जी हैं। पूरा नेटवर्क लोगों से ठगी करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस पर उन्होंने पुलिस से शिकायत की। उनकी तहरीर पर अलीगंज पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर अलीगंज का कहना है मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

# इजराइल रोजगार योजना के अभ्यर्थियों का प्रदर्शन



लखनऊ । लखनऊ में सोमवार को इजराइल रोजगार योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों ने सेवायोजन निदेशालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में शामिल वर्ष 2024 में चयनित 1336 अभ्यर्थियों ने हाथ जोड़कर सरकार और संबंधित अधिकारियों से जल्द इजराइल भेजने की मांग की। अभ्यर्थियों का कहना है कि चयन प्रक्रिया पूरी हुए करीब 2 साल होने वाले हैं, लेकिन अब तक उन्हें इजराइल भेजे जाने को लेकर कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है। चयनित अभ्यर्थियों के अनुसार उन्होंने कई बार संबंधित निदेशालय पहुंचकर आवेदन और ज्ञापन सौंपे हैं, लेकिन उनकी मांगों पर कोई ठोस जवाब नहीं मिला। उनका आरोप है कि प्रत्येक बार केवल मौखिक आश्वासन देकर प्रतीक्षा करने को कहा जाता है, जबकि उनकी स्थिति को लेकर कोई आधिकारिक पत्र या सूचना जारी नहीं की गई है।


अभ्यर्थियों का कहना है कि लंबे समय से अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है, जिससे उनके भविष्य को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि एक ओर 1336 चयनित अभ्यर्थी लगभग दो वर्षों से नियुक्ति के आगे की प्रक्रिया की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नई भर्तियां भी आयोजित की जा चुकी हैं। इससे चयनित अभ्यर्थियों के मन में कई सवाल खड़े हो रहे हैं। अभ्यर्थियों ने विभाग से मांग की है कि उनकी चयन प्रक्रिया की वर्तमान स्थिति, आगे की कार्रवाई से अवगत कराए। संभावित समयसीमा और विभाग द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी सार्वजनिक की जाए। उन्नाव निवासी संतोष कुमार ने बताया कि वर्ष 2024 में इजराइल में कॉन्ट्रैक्ट बेस पर नौकरी के लिए भर्ती निकली थी। इसके लिए लखनऊ के आईटीआई अलीगंज में सात चरणों में परीक्षा आयोजित की गई थी। सभी चरण सफलतापूर्वक पास करने के बाद अभ्यर्थियों को इजराइल भेजा जाना था। उन्होंने कहा कि परीक्षा पूरी हुए 18 महीने से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक चयनित अभ्यर्थी रोजगार के लिए विभागों के चक्कर काट रहे हैं। न तो कोई जिम्मेदार अधिकारी स्पष्ट जवाब दे रहा है और न ही यह बता पा रहा है कि उन्हें इजराइल भेजा जाएगा या नहीं। जब भी इस बारे में सवाल पूछा जाता है, नई तारीख देकर आश्वासन के साथ वापस भेज दिया जाता है। संतोष कुमार का कहना है कि करीब छह महीने पहले अधिकारियों ने कहा था कि अभ्यर्थियों को 40 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद उन्हें इजराइल भेजने की प्रक्रिया शुरू होगी। बिजनौर निवासी अंकित ने बताया कि पिछले लगभग 2 वर्षों से उन्हें लगातार यह कहकर इंतजार कराया जा रहा है कि अगले महीने प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि इस नौकरी की उम्मीद में वे दो साल से बेरोजगार बैठे हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। अंकित के अनुसार, घर वाले भी नाराज हैं और अक्सर सवाल करते हैं कि न तो वे इजराइल जा पा रहे हैं और न ही यहां कोई दूसरा काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में अब तक करीब 50 हजार रुपये खर्च हो चुके हैं।

# वोइला समर कैंप 2026 का हुआ समापन



लखनऊ। लखनऊ के दिल्ली पब्लिक स्कूल, गोमती नगर में समर कैंप 2026 का समापन हो गया । इस शिविर में 260 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इनमें स्कूल के विद्यार्थियों के साथ शहर के अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भी शामिल थे। समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों के शैक्षणिक ज्ञान के साथ उनके व्यक्तित्व, आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास करना था। शिविर के दौरान बच्चों को नई चीजें सीखने, दोस्त बनाने और अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिला। संगीत, नृत्य जैसी गतिविधियां बच्चों के लिए आकर्षणकैंप को कई गतिविधियों में विभाजित किया गया था, ताकि प्रत्येक प्रतिभागी अपनी रुचि के अनुसार कुछ नया सीख सके। एडवेंचर, एस्ट्रोनॉमी, सनत्कार, संगीत, नृत्य और कला जैसी गतिविधियां बच्चों के लिए प्रमुख आकर्षण थीं। एडवेंचर कैंप में बच्चों ने डार्ट बॉल, कमांडो नेट, ट्रैम्पोलिन और लेग क्रिकेट जैसी गतिविधियों में हिस्सा लिया। डेमन्स, डेमन स्लेयर्स, चिकू और एवेंजर्स जैसी टीमों के बीच मैत्रीपूर्ण प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं। कैंप के अंतिम चरण में बच्चों ने तैराकी का भी आनंद लिया। एस्ट्रोनॉमी कैंप ने बच्चों को अंतरिक्ष की दुनिया से परिचित कराया। प्रतिभागियों ने गैलेक्सी मॉडल तैयार किए, मिशन लॉग में अपने अनुभव दर्ज किए और एस्ट्रोनॉमी पासपोर्ट में उपलब्धियां संजोईं। दूरबीनों की सहायता से उन्होंने चंद्रमा, शुक्र और बृहस्पति सहित कई खगोलीय पिंडों का अवलोकन किया। रचनात्मक गतिविधियों के तहत सनत्कार कैंप में बच्चों ने मिट्टी से कलाकृतियां और पॉटरी बनाई। कॉफी पैलेट गतिविधि ने उनकी कल्पना और कलात्मक सोच को बढ़ावा दिया।नृत्य और संगीत शिविर में भी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुतियों का अभ्यास किया। प्रसिद्ध वायलिन वादक और संगीत शिक्षक शमीम मुवहित ने प्रेरक सत्रों के माध्यम से उन्हें संगीत की बारीकियों से अवगत कराया।

# पुलिस ने 42.50 लाख के 220 गुम मोबाइल किए बरामद



लखनऊ। लखनऊ में मोबाइल फोन गुम होने के बाद उसे वापस मिलने की उम्मीद छोड़ चुके लोगों के चेहरे पर पुलिस ने खुशियां ला दीं। पश्चिमी जोन की साइबर सेल और सीईआईआर (CEIR) पोर्टल की मदद से पुलिस ने 220 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिए। बरामद मोबाइल फोनों की अनुमानित कीमत करीब 42.50 लाख रुपए आंकी गई है। डीसीपी पश्चिमी कमलेश दीक्षित के निर्देशन में पश्चिमी जोन के सभी थानों की साइबर हेल्प डेस्क टीम ने अभियान चलाया। टीम ने लखनऊ के अलावा अन्य जनपदों और दूसरे राज्यों से भी मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए। डीसीपी पश्चिमी ने बरामद मोबाइल उनके असली मालिकों को सौंपे। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे। पुलिस को सैमसंग के 20, वीवो के 35, ओप्पो के 40, रियलमी के 35, वनप्लस के 20, रेडमी के 55 और दूसरी कंपनियों के 15 मोबाइल फोन मिले। पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि मोबाइल फोन गुम होने पर सबसे पहले यूपीकॉप (UPCOP) ऐप डाउनलोड करें, उसी नंबर का नया सिम जारी कराएं और लॉस्ट आर्टिकल रिपोर्ट (LAR) दर्ज कराएं। आधार कार्ड और मोबाइल खरीद का बिल पीडीएफ में सुरक्षित रखें। इसके बाद सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर नजदीकी थाने या साइबर हेल्प डेस्क से संपर्क करें। इससे मोबाइल फोन की बरामदगी की संभावना बढ़ जाती है।

# शायर बशीर बद्र को दी गई श्रद्धांजलि




लखनऊ। लखनऊ में शायर बशीर बद्र को श्रद्धांजलि दी गई। प्रेस क्लब में इत्तेहाद ए मिल्लत ने शोकसभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में साहित्यकारों, शायरों, समाजसेवियों समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने हिस्सा लिया। महान शायर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान पीके तिवारी, सिराज मेहंदी, इंसराम अली और सर्वेश अस्थाना समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए सिराज मेहंदी ने कहा- बशीर बद्र उर्दू अदब की ऐसी बुलंद आवाज थे, जिन्होंने अपनी शायरी के माध्यम से मोहब्बत, इंसानियत और भाईचारे का संदेश दुनियाभर में पहुंचाया। उन्होंने कहा कि उनकी शायरी करोड़ों लोगों के दिलों में जिंदा रहेगी। एक कवि का सिर्फ शहरीर मरता है उसके अल्फाज हमेशा जीवित रहते हैं। उनका निधन साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। इंसराम अली ने संबोधन में कहा कि बशीर बद्र का जाना केवल उर्दू शायरी ही नहीं, बल्कि पूरे देश के सांस्कृतिक और साहित्यिक संसार के लिए बड़ी क्षति है। उनकी रचनाएं आने वाली पीढ़ियों को प्रेम, सौहार्द और मानवीय मूल्यों की प्रेरणा देती रहेंगी। उन्होंने अपनी शायरी में समाज का दर्द बयान किया। एक आम आदमी के जीवन में जो कुछ होता है, वह बद्र की शायरी में नजर आता है। सर्वेश अस्थाना ने कहा कि बशीर बद्र शब्दों के ऐसे जादूगर थे, जिन्होंने अपनी गजलों में जीवन के दर्द, प्रेम की गहराई और रिश्तों की गर्माहट को बेहद खूबसूरती से अभिव्यक्त किया। उनकी रचनाएं उन्हें सदैव लोगों के बीच जीवित रखेंगी।शोक सभा के दौरान कई शायरों ने बशीर बद्र के मशहूर अशआर पढ़कर उन्हें याद किया। कार्यक्रम के अंत में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत शायर को श्रद्धांजलि दी गई और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

# बोर्ड परीक्षा के मेधावियों का हुआ सम्मान




गोरखपुर। गोरखपुर में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से सोमवार को एमजी इंटर कॉलेज के देवी शंकर सभागार में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। अच्छे अंक प्राप्त कर जिले और अपने विद्यालय का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, मेडल और पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। सम्मान मिलने के बाद विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी। अधिकारियों ने मेधावियों की मेहनत की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी इसी लगन के साथ पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कहा कि परीक्षा में सफलता सिर्फ अच्छे अंक हासिल करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और लगातार प्रयास का परिणाम होती है। जिन छात्र-छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया है, उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी से मेहनत करने वाले विद्यार्थी हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आगे बढ़ने का उत्साह पैदा होता है। अधिकारियों ने बताया कि मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का उद्देश्य बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित करना है। सम्मान मिलने से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के क्षेत्र में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बेहद जरूरी है। जब छात्रों की उपलब्धियों को पहचान मिलती है तो दूसरे छात्र भी उनसे प्रेरणा लेकर मेहनत करने के लिए आगे आते हैं। समारोह के दौरान विद्यार्थियों को नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन और अनुशासन का महत्व बताया गया। शिक्षकों ने कहा कि सफलता के लिए निरंतर प्रयास जरूरी है। छोटी-छोटी उपलब्धियां ही आगे चलकर बड़े लक्ष्य हासिल करने में मदद करती हैं।

# आमजन की समस्याओं का समयबद्ध हो निस्तारण,विलंब होने पर तय की जाए जवाबदेही: मुख्यमंत्री



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। उन्होंने प्रदेश भर से आए लोगों से मुलाकात की, उनके प्रार्थना पत्र लिए और उचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को मुख्यमंत्री ने सुना और संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का निस्तारण समयसीमा के भीतर हो, विलंब होने पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाए। सीएम योगी ने कुछ बच्चों से शिक्षा के बारे में भी पूछा और अभिभावकों से कहा कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें, क्योंकि पढ़ा-लिखा बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है।

मुख्यमंत्री के समक्ष राजस्व व पुलिस से जुड़े भी कुछ मामले आए। मुख्यमंत्री ने उनका संज्ञान लिया और कहा कि लंबित राजस्व वादों का समयसीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। छह महीने से अधिक लंबित वादों के कारणों की समीक्षा की जाए। उचित कारण न होने पर भी यदि निस्तारण में विलंब होता है तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान हो। अधिकारी पूरी संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय और हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो। जरूरतमंद के चेहरे पर खुशहाली लाना शासन-प्रशासन का दायित्व है।

हापुड़ से एक बच्ची अपने अभिभावक के साथ आई थी। उसने अपने परिवार की माली स्थिति का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने पूछा कि किस क्लास में हो, इस पर बच्ची ने कक्षा-7 बताया और आगे की पढ़ाई में आने वाली बाधाओं का भी जिक्र किया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि घर जाओ और सिर्फ पढ़ाई करो, बाकी हम पर छोड़ दो। अभिभावक से कहा कि शिक्षित बच्चा ही सशक्त भारत की नींव है। अधिकारी आपसे संपर्क करेंगे, आप बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें।

# मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी हेतु प्रदान की जा रही नि:शुल्क कोचिंग

गोरखपुर । समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सिविल सर्विसेज नीट, जे0ई0ई एवं एक दिवसीय परीक्षाओं इत्यादि की परीक्षा पूर्व तैयारी हेतु जनपद गोरखपुर में निशुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि सत्र 2026-27 के लिए अभ्यर्थियों के आवेदन की प्रक्रिया अप्रैल माह के आखिरी सप्ताह में प्रारंभ हो गयी थी। अभ्यर्थी अभ्युदय पोर्टल पर आनलाइन (abhyudayup.in ) एवं समाज कल्याण विभाग कमरा नंबर 9. विकास भवन गोरखपुर से ऑफलाइन माध्यम से आवेदन पत्र प्राप्त कर पूर्व निर्धारित अन्तिम तिथि 25 मई 2026 तक जमा कर सकते थे, जिसे पुनः बढ़ाकर 05 जून 2026 कर दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित अन्तिम तिथि तक आवेदन आनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से कर सकते है। जून माह में प्रवेश परीक्षा कराई जाएगी, जिसकी सूचना एसएमएस द्वारा दी जायेगी। नवीन सत्र जुलाई माह से संचालित होगा। उन्होंने बताया है कि सिविल सेवा हेतु स्नातक अंतिम वर्ष अथवा स्नातक उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं अर्ह होंगे। जेईई नीट हेतु कक्षा 11 व 12 में अध्यनरत अथवा उत्तीर्ण विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राए पात्र होंगे। एक दिवसीय परीक्षाओं की शैक्षिक अर्हताएं संबंधित प्रतियोगी परीक्षा के अनुरूप होगी। इच्छुक छात्र-छात्राएं कार्यालय से आवेदन पत्र का प्रारूप प्राप्त कर शैक्षिक प्रमाण पत्रों एंव आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न कर जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में दिनांक 05 जून 2026 तक जमा कर सकेंगे। उक्त कोचिंग केन्द्रो पर सत्र 2026-27 में संबंधित सेवाओं की कोचिंग हेतु विषय विशेषज्ञों के आवेदन भी आमंत्रित किया जा रहे है। इच्छुक प्रवक्ता शैक्षिक अनुभव प्रमाण पत्रों सहित अपना प्रस्ताव कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी गोरखपुर में दिनांक 15.6.2026 से 25.6.2026 तक सायं 5:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। विषय विशेषज्ञों का चयन जिला स्तर पर विशेषज्ञ चयन समिति की अनुशंसा से डेमो लेक्चर के उपरांत निग्न शर्तों के अधीन किया जाएगा। उपरोक्त सेवाओं से संबंधित पाठ्यक्रम की समुचित जानकारी होनी चाहिए। सिविल सेवा के लिए विश्वविद्यालय राजकीय डिग्री कॉलेज के शिक्षक तथा आई0ए0एस0 मुख्य परीक्षा अथवा पी0सी0एस साक्षात्कार अथवा दो बार पी0सी0एस मुख्य परीक्षा में शामिल आवेदक आवेदन कर सकते हैं। नीट के लिए संबंधित विषय में एम0एस0सी प्रथम श्रेणी अथवा एम0बी0बी0एस तथा जे0ई0ई0 के लिए संबंधित विषय में एम0एस0सी0 प्रथम श्रेणी अथवा एम0टेक0 व बी0टेक0 की डिग्री धारण करने वाले आवेदक आवेदन कर सकते हैं।

# बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार




आजमगढ़। आजमगढ़ शहर कोतवाली पुलिस ने मंदिर और भीड़भाड़ वाले स्थानों से बाइक चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित राम श्रृंगार यादव ने आजमगढ़ के एक अस्पताल से अपनी बाइक चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके अलावा, भैरव बाबा मंदिर, महाराजगंज से भी एक बाइक चोरी का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस इन मामलों की विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान राजन राजभर और सचिन राजभर नामक दो आरोपियों के नाम सामने आए। ये दोनों कप्तानगंज थाना क्षेत्र के निवासी हैं। पुलिस के अनुसार, राजन राजभर और सचिन राजभर दोनों पर 6-6 गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। कोतवाली प्रभारी यादवेंद्र पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जहां से उन्हें जेल भेजा जाएगा। पुलिस उनसे उनके गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में भी पूछताछ कर रही है, ताकि उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जा सके।

# चारपाई के पाटी से ताबड़तोड़ हमलाकर हत्या

## मां-बाप,भाई और बहन गिरफ्तार



**अयोध्या।** कैंट थाना क्षेत्र के ककरही बाजार मोहल्ले में सोमवार की सुबह शौचालय को लेकर हुए विवाद में एक शख्स की चारपाई की पाटी से ताबड़तोड़ वारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने चारों हमलावरों को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के ककरही बाजार मोहल्ले में मौजीराम यादव पुत्र स्व रामपाल का परिवार निवास करता है। परिवार के पास मोहल्ले में ही आसपास दो मकान है। जिसमें एक मकान मौजीराम यादव और दूसरा उसकी पत्नी मीना यादव के नाम पर है। मौजीराम के नाम मकान में खुद मौजीराम,उसकी पत्नी मीना और अविवाहित बेटा घनश्याम निवास करता है।

सुबह राधेश्याम यादव शौचालय जाने लगा तो उसके पिता मौजीराम ने विरोध किया। इसको लेकर विवाद बढ़ा और गाली गलौच के बाद मारपीट शुरू हो गई। आरोप है कि मौजीराम यादव और उसकी पत्नी मीना ने राधेश्याम को पकड़ लिया और घनश्याम यादव ने घर में रखी चारपाई की पाटी से राधेश्याम यादव 40 वर्ष पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। बीच बचाव करने आई राधेश्याम यादव की पत्नी रेनू यादव को भी गंभीर चोट आई। दोनों घायलों को आलोक यादव ने सुबह लगभग छह बजे जिला अस्पताल पहुंचाया तो परीक्षण के बाद डॉक्टर ने राधेश्याम को मृत घोषित कर दिया,जबकि उसकी पत्नी मीना को इलाज के लिए भर्ती किया है।

मामले की खबर पर प्रभारी निरीक्षक कैंट संदीप कुमार सिंह, सीओ सिटी श्रेयश त्रिपाठी और एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल तथा अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने मौके से मौजीराम, उसकी पत्नी मीना तथा पुत्री अनीता को हिरासत में लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया है। नगर कोतवाली के जनौरा निवासी राजू यादव से ब्याही बेटी घटना के समय अपने मायके में पिता के घर पर थी। प्रकरण में पुलिस ने मृतक राधेश्याम यादव की पत्नी रेनू की तहरीर पर मृतक के पिता मौजीराम, मां मीना,भाई घनश्याम तथा बहन अनीता के खिलाफ मारपीट और हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ सिटी श्रेयश त्रिपाठी ने बताया कि मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी का चालान किया जा रहा है।

# अयोध्या में बनकर तैयार हुआ एसटीएफ मुख्यालय का आधुनिक भवन

**9.48 करोड़ से हुआ निर्माण, सुरक्षा व्यवस्था को मिलेगी नई मजबूती**

**जी प्लस 4 भवन 1995 वर्गमीटर क्षेत्रफल में बना,वाहन पार्किंग समेत सभी सुविधाओं से लैस**



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) का अत्याधुनिक जी प्जस 4 मुख्यालय भवन लगभग तैयार हो चुका है। 9.48 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह भवन सुरक्षा बलों की क्षमता बढ़ाने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी पहल का हिस्सा है। लोक निर्माण विभाग खंड दो अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने लोक निर्माण विभाग(खंड दो) द्वारा कार्यान्वित यह परियोजना 17 अक्टूबर 2023 को शुरू हुई थी। वर्तमान में भवन का भौतिक प्रगति 98 प्रतिशत पहुंच चुकी है। फिनिशिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। यह भवन ( अशर्फी भवन चौराहे के पास बना रहा हैं।) जिसका कुल प्रस्तावित निर्मित क्षेत्रफल 1995.12 वर्गमीटर है। इसमें भूतल पर वाहन पार्किंग की सुविधा भी शामिल है, जिसका क्षेत्रफल 211.39 वर्गमीटर है। पूरी तरह फ्रेम्ड स्ट्रक्चर पर आधारित यह चार मंजिला इमारत अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी। इसमें आधुनिक कार्यालय कक्ष, कमांड सेंटर, मीटिंग रूम, आराम कक्ष और पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था का प्रावधान किया गया है। एसटीएफ यूपी पुलिस की एक अत्यंत महत्वपूर्ण इकाई है, जो आतंकवाद, संगठित अपराध, साइबर क्राइम और संवेदनशील सुरक्षा मामलों से निपटने की जिम्मेदारी संभालती है। अयोध्या जैसे धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील शहर में एसटीएफ का स्थायी, सुसज्जित मुख्यालय सुरक्षा ढांचे को और मजबूत बनाएगा। राम मंदिर, अयोध्या विकास प्राधिकरण क्षेत्र और आसपास के इलाकों में तैनात सुरक्षा बलों के लिए यह भवन एक बेहतर कमान केंद्र के रूप में काम करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में पुलिस इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक बनाने पर विशेष जोर दिया है। अयोध्या में एसटीएफ भवन का निर्माण इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। गृह विभाग (पुलिस) के फंडिंग से बने इस भवन से न केवल एसटीएफ जवानों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा, बल्कि समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया की क्षमता भी बढ़ेगी।

भवन के निर्माण में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखा गया है। ऊर्जा दक्षता, प्राकृतिक प्रकाश-वेंटिलेशन और आधुनिक सिविल वर्क के साथ इसे पर्यावरण-अनुकूल बनाने का प्रयास किया गया है। पूरा भवन जल्द ही पूरी तरह संचालित हो जाएगा। अयोध्या में बढ़ते पर्यटकों की संख्या और सुरक्षा की चुनौतियों को देखते हुए इस भवन का पूरा होना एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने इसे रामनगरी की सुरक्षा को नई ताकत देने वाला कदम बताया है। लोक निर्माण विभाग खंड दो अधिशासी अभियंता उमेश चंद्र ने बताया कि 9.48 करोड़ रुपये की इस परियोजना का 98 फीसदी कार्य पूर्ण लिया गया है। भवन निर्माण के बाद मूल विभाग को प्रोजेक्ट हैंडओवर कर दिया जाएगा।

# खड़ी टैंकर में भिडी रोडवेज बस,कंडक्टर समेत पांच घायल



**सोहावल-अयोध्या।** लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार की सुबह एक रोडवेज बस सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा टकराई। हादसे में रोडवेज बस के कंडक्टर समेत पांच यात्रियों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हैदरगढ़ डिपो की एक रोडवेज बस सवारियां लेकर गोरखपुर से लखनऊ की ओर जा रही थी। हाईवे पर रौनाही थाना क्षेत्र स्थित बसहा चौराहा के पास रोडवेज बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से जा टकराई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल भिजवाया। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद रोडवेज बस के कंडक्टर सेमत पांच यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

जिला अस्पताल प्रशासन ने बताया कि इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर वीरेंद्र वर्मा ने परीक्षण के बाद घायल कंडक्टर देवपाल सिंह 30 वर्ष पुत्र यदुनाथ निवासी मलिकपुर थाना गुड़सायगंज जिला कन्नौज और यात्रियों आमिर शाह 31 वर्ष पुत्र साबिर अली निवासी लक्ष्मीपुर थाना मलुकही जिला कुशीनगर,शंभूनाथ पांडे 56 वर्ष पुत्र जगदीश पांडेय निवासी रोहुआ मच्छरगावां थाना अहिरौली जिला कुशीनगर,उनके बेटे चंद्र मोहन पांडेय 25 वर्ष तथा मनोज 28 वर्ष पुत्र बलिराम निवासी हरवा थाना रुधौली जिला बस्ती का प्राथमिक उपचार किया। चंद्र मोहन को मामूली चोट होने के कारण छुट्टी दे दी, जबकि बाकी घायल यात्रियों को इलाज के लिए भर्ती किया है।

# विद्युत दुर्घटनाओं में जान गवाने वाले कर्मियों को दी गयी श्रद्धांजलि

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** जिले के विद्युत विभाग के मिल्कीपुर, कुमारगंज समेत सभी बिजली घरों एवं जिला मुख्यालय स्थित अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर सोमवार को एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह श्रद्धांजलि सभा प्रदेश में सेवारत रहते हुए अपनी जान गंवाने वाले आउटसोर्स संविदा विद्युत कर्मचारियों के आकस्मिक निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आयोजित की गई थी। आउटसोर्स संविदा कर्मचारी संघ के जोन अध्यक्ष संतोष कुमार ने इस अवसर पर कहा कि पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ने लगभग 25,000 बिजली आउटसोर्स कर्मचारियों को कार्य से हटा दिया है,कर्मचारियों की इस भारी कमी के कारण शेष आउटसोर्स कर्मचारियों पर कार्य का अत्यधिक भार पड़ रहा है। 11 केवी आउटगोइंग फीडरों पर एक गैंग (जिसमें एक



लाइनमैन, एक पेट्रोलमैन/कुशल श्रमिक और दो अकुशल श्रमिक शामिल होते हैं) के स्थान पर केवल एक कर्मचारी को तैनात किया जा रहा है। इसके अलावा, अकुशल श्रमिकों से एच.टी./एल.टी. लाइनों, ट्रांसफार्मरों और ब्रेकरों पर कार्य कराया जा रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर दुर्घटनाओं में आउटसोर्स कर्मचारियों की मृत्यु हो रही है। संतोष कुमार ने आगे बताया कि इन स्थितियों के कारण एक ओर जहां कर्मचारियों की जान जा रही है, वहीं दूसरी ओर उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। इस श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से आउटसोर्स संविदा कर्मचारी संघ के जोन अध्यक्ष संतोष कुमार, जिला संगठन मंत्री रवि मिश्रा, उपाध्यक्ष जितेंद्र मिश्रा, आलोक मिश्रा, पंकज शर्मा, अशोक यादव, सुनील, अखिलेश कुमार और प्रमोद रवि समेत बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

# पद्मश्री शायर बशीर बद्र के निधन पर हुई शोक सभा

अयोध्या। अशफ़ाक उल्ला खां मेमोरियल शहीद शोध संस्थान ने पद्म श्री शायर बशीर बद्र के निधन पर शोक सभा एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया।रीडगंज स्थित अज़ीम कम्प्यूटर पर सम्पन्न गोष्ठी को संबोधित करते हुए संस्थान के प्रबंध निदेशक सूर्य कांत पाण्डेय ने उन्हें इंसानियत का शायर बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने जीवन में 18000 से अधिक शेरों की अ किया।उनकी दर्जनों पुस्तकों का प्रकाशन हुआ। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक के पी सिंह की अध्यक्षता तथा एहतेशाम वफ़ा के संचालन में संपन्न गोष्ठी में रामानंद सागर ने पढ़ा, बनकर बशीर बद्र जो चमका था फलक पर, अफसोस आज वह ही सितारा चला गया।कवि रवीन्द्र कबीर ने कहा, मैं ऐसे आसमां को पांव की जुती समझता हूं, मुझे जिनके लिए अपनी जमीं को छोड़ना होगा। संतोष अकेला ने पढ़ा, मुझे अपने दिल में जगह दे दो थोड़ी,भटक मैं रहा हूं ठिकाने की खातिर।संचालक एहतेशाम वफ़ा ने कहा,अदब की रहगुजर का एक मुसाफिर, सफ़र तय कर गया राहें अदम का,कमी उसकी न होगी पूरी, क़दम फिर डगमगाया है कमल का। अजीम शायर फारुक फैजाबादी ने कहा कि ना समझ आग के दरिया में उतरते क्यों हो, रोने वाला ही नहीं तो मरते क्यों हो।

# बैटरी रिक्शा चोरी में चार गिरफ्तार चार बैटरी और पहिया बरामद



अयोध्या। कैंट थाना पुलिस ने क्षेत्र से ई रिक्शा चोरी के एक मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से ई रिक्शा की चार बैटरी और पहिया बरामद कर दर्ज मामले में बरामदगी की धारा बढ़ा सभी का चालान किया है। सोमवार को सीओ सिटी श्रेयश त्रिपाठी ने बताया कि कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संदीप सिंह की पुलिस टीम ने निरंकारपुर ईट भट्टे के पास से अंकित कुमार निवासी आशापुर तिलैया कोतवाली अयोध्या,अल्तमस हुसैन व आरिफ निवासीगण कुशमाहा कोतवाली अयोध्या तथा हैदर उर्फ हसनैन निवासी निरंकारपुर कोतवाली अयोध्या को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चुराए गए ई रिक्शा की चार बैट्री व चार पहिया बरामद हुआ है। सभी का जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण करवा चालान किया जा रहा है।

# विश्व पर्यावरण संरक्षण व जन-जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ



**अयोध्या।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास (पर्यावरण शिक्षा), अवध प्रांत एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता सप्ताह-2026 का शुभारंभ सीआईएफ बिल्डिंग स्थित पर्यावरण विज्ञान विभाग में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं को प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद चौधरी ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की आवश्यकता बन चुका है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने, जल संरक्षण अपनाने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, निदेशक, डॉ. लोहिया इन्क्यूबेशन फाउंडेशन, ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देना समय की मांग है। उन्होंने विद्यार्थियों को नवाचार एवं तकनीक के माध्यम से पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं हरित वातावरण ही सतत विकास का आधार है। विशिष्ट वक्ता प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारों या संस्थाओं का दायित्व नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण एवं प्राकृतिक संसाधनों के अनियंत्रित दोहन के कारण पर्यावरणीय चुनौतियां निरंतर बढ़ रही हैं। इन चुनौतियों का समाधान जन-जागरूकता, सामूहिक सहभागिता एवं सतत जीवनशैली अपनाने से ही संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, अवध प्रांत के जिला संयोजक (पर्यावरण शिक्षा) डॉ. अनुराग तिवारी ने सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस दौरान पर्यावरण जागरूकता अभियान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, संगोष्ठियां तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से ष्एक पृथ्वी, एक संकल्प हरित भविष्य के लक्ष्य को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा उपस्थित छात्र-छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण कुमार राय, डॉ. अमित कुमार मिश्रा ईपीसीओ भोपाल , डॉ. नवीन पटेल, अंशिल सिंह, शुभम सिंह, राजकुमार प्रजापति, बृजेश यादव, सूरज प्रकाश यादव सहित विभाग के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन स्वच्छ पर्यावरण स्वस्थ जीवन समृद्ध भविष्य् के संकल्प के साथ हुआ।

# राम की पैड़ी पर गूंजा नशामुक्ति का संदेश, नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**अयोध्या।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर उत्कर्ष ग्लोबल फाउंडेशन की ओर से राम की पैड़ी, आरती घाट समेत नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नुक्कड़ नाटकों, पोस्टर प्रदर्शन और जनसंवाद कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को तंबाकू एवं नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया।अयोध्या जिला कोऑर्डिनेटर कार्तिक कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं और स्थानीय कलाकारों ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर तंबाकू सेवन से होने वाले स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान को दर्शाया। राम की पैड़ी और आरती घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों तथा तीर्थयात्रियों ने कार्यक्रम को गंभीरता से देखा और सराहा। नुक्कड़ नाटक के बाद स्वास्थ्य विशेषज्ञों एवं स्वयंसेवकों ने तंबाकू से होने वाले कैंसर, हृदय रोग, श्वसन संबंधी बीमारियों तथा गर्भवती महिलाओं पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। साथ ही तंबाकू छोड़ने के लिए उपलब्ध परामर्श सेवाओं, निकोटीन रिप्लेसमेंट विकल्पों एवं स्थानीय सहायता संसाधनों के बारे में भी लोगों को अवगत कराया गया।

# रामकथा कच्ची पार्किंग क्षेत्र में संचालित पार्किंग व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

## नगर निगम की ओर से लगी शुल्क सूची के सामने खड़ा कर दिया जाता है ठेला, होती है मनमानी वसूली




**अयोध्या।** रामनगरी में भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को जहां बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन और प्रशासन लगातार प्रयास कर रहे हैं, वहीं नगर निगम की अधिकृत पार्किंग स्थलों पर अव्यवस्था और कथित मनमानी वसूली श्रद्धालुओं की परेशानी का कारण बनती जा रही है। रामकथा कच्ची पार्किंग क्षेत्र में संचालित पार्किंग व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि यहां निर्धारित शुल्क की रेट लिस्ट को जानबूझकर ढक दिया जाता है, जिससे श्रद्धालुओं से मनमाने तरीके से शुल्क वसूला जा सके।

जानकारी के अनुसार रामकथा कच्ची पार्किंग स्थल पर नगर निगम की ओर से शुल्क सूची तो लगाई गई है, लेकिन उसके सामने ठेला और अन्य सामान खड़ा कर दिया जाता है। इसके कारण पार्किंग में आने वाले श्रद्धालु निर्धारित दरों की जानकारी नहीं प्राप्त कर पाते। इसका लाभ उठाकर पार्किंग कर्मियों द्वारा अधिक शुल्क वसूले जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। दूर-दराज के राज्यों और जिलों से रामलला के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं का कहना है कि पार्किंग शुल्क को लेकर किसी प्रकार की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती। कई बार निर्धारित शुल्क से अधिक राशि मांगी जाती है और विरोध करने पर संतोषजनक जवाब भी नहीं मिलता। ऐसे में श्रद्धालुओं को अनावश्यक आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है। श्रद्धालुओं का आरोप है कि इस संबंध में शिकायत किए जाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया जा रहा। नगर निगम और प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के चलते स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे न केवल श्रद्धालुओं में नाराजगी बढ़ रही है, बल्कि रामनगरी की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अयोध्या देश-विदेश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। ऐसे में पार्किंग जैसी मूलभूत व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उनका कहना है कि यदि रेट सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो और उसकी नियमित निगरानी की जाए तो मनमानी वसूली की शिकायतों पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सभी पार्किंग स्थलों पर निर्धारित शुल्क सूची प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित कराई जाए तथा अवैध वसूली की शिकायतों की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को सम्मानजनक और पारदर्शी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।

# डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन को लेकर गहराया विवाद

## कूड़ा कलेक्शन में भारी अनियमिता का पार्षदों ने लगाया आरोप

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में नगर निगम की डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को लेकर विवाद गहरा गया है। नगर निगम के जोनल कार्यालय पर अशोक सिंघल नगर वार्ड के पार्षद अंकित त्रिपाठी समेत कई पार्षद धरने पर बैठ गए। पार्षदों ने नगर आयुक्त को पत्र भेजकर संबंधित फर्म को ब्लैकलिस्ट करने की मांग की है।पार्षदों का आरोप है कि कूड़ा कलेक्शन और सफाई व्यवस्था में भारी अनियमितताएं हो रही हैं। उनका कहना है कि सफाई कर्मचारी महीने में कई दिनों तक धरने पर रहते हैं, जबकि क्षेत्र में लगाए गए ठेले और डस्टबिन भी क्षतिग्रस्त पड़े हैं। इसके अलावा स्वीपिंग मशीनें लंबे समय से बंद हैं, लेकिन संबंधित फर्म को लगातार भुगतान किया जा रहा है।

धरने पर बैठे पार्षदों ने आरोप लगाया कि रामपथ पर नयाघाट से सहादतगंज तक करीब 15 किलोमीटर के मार्ग के बावजूद 28 किलोमीटर की सफाई दिखाकर भुगतान लिया जा रहा है। वहीं स्वच्छ भारत मिशन के मानकों के अनुसार हर 700 मीटर पर एक सफाई कर्मचारी की तैनाती होनी चाहिए। इस हिसाब से रामपथ पर लगभग 50 कर्मचारियों की आवश्यकता है, लेकिन मौके पर इतनी संख्या में कर्मचारी नहीं दिखते।पार्षदों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर मामले में जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो नगर निगम मुख्यालय पर ताला बंदी कर बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा,वहीं दूसरी तरफ अपर नगर आयुक्त भरत भार्गव ने बताया कि मामले की जांच की आदेश दिए गए हैं इस अवसर पर विनय जायसवाल पार्षद सुल्तान अंसारी पार्षद महेंद्र शुक्ला पार्षद अनूप श्रीवास्तव पार्षद अमित कुमार गुप्ता पार्षद कृष्ण गोपाल यादव पार्षद मौजूद रहे।




**लाल विजयानन्द महाविद्यालय टिकरी, धम्मौर अमेठी**

सम्बद्ध -डॉ.राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या

( आवश्यकता है )

**प्रवक्ता** - स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत बी.ए. पाठ्यक्रम में प्राचीन इतिहास, सैन्य विज्ञान विषयों में प्रवक्ता 1-1 पद एवं परास्नातक स्तर पर कला संकाय एम.ए. पाठ्यक्रम में शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र विषयों में प्रवक्ता 2-2 पद हेतु -

**योग्यता** - सम्बन्धित विषयों नेट/पी.एच-डी.

**वेतनमान** - यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व हस्ताक्षरित प्रतियों एव दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें ।

**कपिल देव तिवारी, प्रबन्धक**


# सोहावल तहसील की ग्राम पंचायत सनाहा में लगाई गई ग्राम चौपाल

**सोहावल-अयोध्या।** शासन के निर्देश पर सोमवार को लगाई गई ग्राम चौपाल में सोहावल तहसील के राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित राजस्व गांव सनाहा में चौपाल लगाई गई। शाम को आयोजित हुई इस चौपाल में पंचायत से जुड़े संबंधित विभागों के स्टाल लगे। विभागीय अधिकारियों ने शासन की योजनाओं को एक एक कर गिनाया। ग्रामीणों से संबंधित शिकायतों को लेकर उनका निस्तारण कराया गया। उप जिलाधिकारी सविता, तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह नायब तहसीलदार रेशू जैन, उप खण्ड अधिकारी अरशद अली, आपूर्ति निरीक्षक पूजा सिंह, ग्राम प्रधान नीलम पांडेय , प्रतिनिधि अंबरीश पांडेय खण्ड विकास अधिकारी हरिश्चंद्र सिंह, रौनाही थाना प्रभारी लाल चंद सरोज, एडीओ कृषि रनजीत त्रिपाठी आदि के साथ मौजूद महिलाओं और ग्रामीणों से कुल आठ शिकायतें आईं। जिनमें से एक शिकायत का निस्तारण मौके पर करा दिया गया। स्वच्छता और सफाई के लिए जहां ग्राम प्रधान और पंचायत की सराहना की गई।




आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, फार्मर रजिस्ट्री, स्वच्छ पेयजल, बिजली पानी आदि से जुड़ी योजनाओं को लेकर मंथन हुआ। विभागीय अधिकारियों ने लोगों को जागरूक किया।


## बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कैलाशचन्द्र तिवारी आयु लगभग 65 वर्ष पुत्र स्व. दिनेश चन्द्र तिवारी, निवासी-कैलाश कुंज दुर्गापुरी कालोनी, जनौरा, थाना-कोतवाली नगर, जिला-अयोध्या। सशपथ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नरेन्द्र तिवारी आयु लगभग 32 वर्ष जो गलत व्यक्तियों के संगत में आकर गलत कार्यों में पड़ गया है। आशंका है कि भविष्य में मेरा पुत्र नरेन्द्र तिवारी किसी अपराधिक गतिविधि में शामिल हो सकता है। ऐसी स्थिति में उसके द्वारा किये गये लेन-देन सौदा आदि तथा किसी भी अपराधिक मामलों में शामिल होने से मेरा व परिवार के अन्य सदस्यों से कोई वास्ता व सरोकार नही है। मैं पूर्ण स्वस्थ मन चित्त से अपने पुत्र नरेन्द्र तिवारी को अपनी चल-अचल सम्पत्ति तथा सम्बन्धों से बेदखल कर रहा हूं, आज से मेरा तथा मेरे परिवार के किसी सदस्य व रिश्तेदारों को नरेन्द्र तिवारी से सभी प्रकार से सम्बन्ध समाप्त हो चुके है।

**कैलाशचन्द्र तिवारी पुत्र स्व. दिनेश चन्द्र तिवारी**
**निवासी-कैलाश कुंज दुर्गापुरी कालोनी, जनौरा, जिला-अयोध्या**

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शपथकत्री ने सत्र 2009-2010 इण्टरमीडिएट की परीक्षा रांगेय राघव इण्टर कालेज हंसवर जनपद अम्बेडकरनगर से उत्तीर्ण की है, जिसका मूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र विद्यालय से प्राप्त हुआ था, जो प्राप्त होने के बाद वास्तव में कहीं खो गया है, काफी तलाश व प्रयास के बावजूद भी आज तक नहीं मिल सका है ।

**शपथकत्री कु.ज्योति गुप्ता**
**पुत्री घनश्याम गुप्ता**
**निवासी ग्राम जुनेदपुर इन्दईपुर, परगना बिड़हर**
**तहसील आलापुर जिला अम्बेडकरनगर**

## अदालती नोटिस

**इत्तिलानामा बनाम रेस्पांडेन्ट मुशहर इत्तिला तारीख के जो अदालत अपील के लिए मुकर्रर की जाय**

(आर्डर 14 कायदा 15)

न्यायालय श्रीमान् तृतीय अपर जिला जज महोदय, अम्बेडकरनगर

सिविल अपील वाद संख्या-18/2023

तारीख पेशी 02.07.2026

श्री हनुमत लाल सरवराहकार हनुमत लला जी विराजमान द्वारा विधिक सरवराहकार प्रबंधक व पुजारी देख रेख कर्ता विपिन कुमार नायक बनाम राधेश्याम नायक आदि बनाम 1/2 कृष्ण कुमार नायक उम्र लगभग 53 वर्ष पुत्र स्व0 राधेश्याम नायक, 1/3 अनुपमा नायक उम्र लगभग 52 वर्ष पुत्री स्व0 राधेश्याम नायक निवासीगण ग्राम व पोस्ट नाका हिन्डोला, बांस मंडी जनपद लखनऊ, 3 श्यामलाल उम्र लगभग 62 वर्ष 4 मोहनलाल उम्र लगभग 57 वर्ष 5 शिव कुमार उम्र लगभग 52 वर्ष पुत्रगण बंशराज निवासीगण ग्राम व पोस्ट हंसवर परगना बिड़हर, तहसील टाण्डा जिला अम्बेडकरनगर-प्रतिउत्तरदातागण,

मुत्तिला हो कि अपील बनाराजी डिगरी........मुकदमा मुन्दरजा वाला में पेश किया और अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत ने जारी 02.07.26 वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है। अगर आप खुद या आपका वकील या कोई और शख्स जो कानून आपकी तरफ से अपील हाजी में जबाब व सवाल करने के मजाज है जाहिर न आवेगा तो उसकी समाअत और तजबीज आपकी गैर हाजिरी में की जायेगी।

आज बतारीख 30 माह 05 सन् 2026ई. मेरे दस्तखत और मोहर अदालत जारी किया गया।

आज्ञा से न्यायालय